हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 17.09.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 56 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये



## एक नजर

### कुड़मी समुदाय की आदिवासी जाति में शामिल करने की मांग जायज : नकुल महतो



**बडकागांव** : कुड़मी जाति समुदाय के द्वारा वर्षों से आदिवासी जनजाति में शामिल करने की मांग की जा रही है। जिसे लेकर 20 सितंबर को रेल टेका डहर छेका आंदोलन भी किया जाएगा। इस संबंध में जेएलकेएम के संस्थापक सदस्य नकुल महतो ने कुड़मी जाति समुदाय की मांग को जायज बताया एवं समर्थन किया है। नकुल महतो ने कहा कि देश की आजादी के समय उनके पूर्वज शुरू में आदिवासी जनजाति में शामिल थे। परंतु एक रणनीति के तहत इन्हें आदिवासी जनजाति से अलग कर दिया गया, हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि कुड़मी जाति समुदाय को पुन: आदिवासी जनजाति में शामिल किया जाए यह उनका हक एवं अधिकार है।

### खान निरीक्षक, सीसीएल व वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया छापामारी अभियान



**रामगढ़** : जिला से हो रहे व्यापक पैमाने पर बालू कोयला पत्थर जैसे खनिज संपदाओं पर अंकुश लगाए जाने को लेकर जिला उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच दल का गठन होने के बाद से ही खनन विभाग के निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा लगातार विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाकर अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला के कुज्जू ओपी अंतर्गत सुगिया पंचायत के महुआ टुगरी क्षेत्र में सीसीएल, वन विभाग व जिला खनन विभाग द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से व्यापक पैमाने पर बालू, कोयला जप्त किया गया है। खान निरीक्षक राहुल कुमार सीसीएल, वन विभाग द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाई जाने से बालू कोयला के अवैध कारोबार में संकलित लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। खान निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा बताया गया कि इस तरह की छापामारी लगातार विभिन्न क्षेत्रों में की जाएगी।

# सीएसपी सेंटर और माइक्रोफाइनेंस कलेक्शन से लूट का खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : कटकमदाग थाना क्षेत्र के सिरसी डामोडीह सीएसपी सेंटर और मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के कलेक्शन मैनेजर से हुई दो अलग-अलग लूट की घटनाओं का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। मामले में चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से देशी कट्टा, दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल, 39,500 नकद, पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। दिनांक 09 सितंबर 2025 को सुबह करीब 10 बजे महिला वादी खेलंती कुमारी से 2.52 लाख लूटे गए थे। वहीं 25 जुलाई को मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस के कलेक्शन मैनेजर से 56,000 लूट की घटना सामने आई थी। इन घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्य और CCTV फुटेज के आधार पर की गई छापेमारी में चार आरोपियों – अंकित कुमार (21), प्रवीण कुमार (25), सुजीत कुमार गिरी (29) और लक्ष्मण कुमार पासवान उर्फ राधे (28) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में चारों ने डामोडीह सीएसपी सेंटर की लूट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, अपाची और हीरो मोटरसाइकिल, 39,500 नगद, 3 मोबाइल, ATM, पासबुक, चेकबुक, सीएसपी कार्ड, आधार-पैन-वोटर कार्ड आदि जब्त किए गए हैं। मोटरसाइकिलों में से एक अपराधी सुजीत गिरी के नाम पर और दूसरी निशा देवी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी प्रवीण कुमार और लक्ष्मण पासवान के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट और NDPS एक्ट से जुड़े गंभीर मामले शामिल हैं। इस कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी प्रमोद राय सहित कटकमदाग थाना के अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। हजारीबाग पुलिस की यह कार्रवाई अपराध पर करारा प्रहार मानी जा रही है।

## ट्रैक्टर चोरी और थाना की उदासीनता पर ग्रामीण का आरोप, एसपी से लगाई गुहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवारा गांव के एक किसान ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके ट्रैक्टर की चोरी के मामले में थाना ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पीड़ित किसान एकरामुल अंसारी, पिता स्व. मोहम्मद इस्लाय, निवासी भेलवारा ने इस संबंध में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन सौंपा है। पीड़ित के अनुसार, 8 सितंबर 2025 की रात करीब 1:30 बजे उसके घर के सामने खड़ा ट्रैक्टर (लाल रंग का महिंद्रा, पंजीकरण संख्या JH 02 ZB F9317) चोरी हो गया। उसने इस घटना को लेकर मुफस्सिल थाना में नामजद आवेदन दिया था। आरोप है कि पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों को पकड़ा भी, मगर दो दिन बाद उन्हें छोड़ दिया। किसान का कहना है कि उसके पास सीसीटीवी फुटेज और फोन कॉल डिटेल जैसी ठोस सूचनाएँ हैं, जो संदिग्धों पर शक को और मजबूत करती हैं। बावजूद इसके पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। आरोपियों द्वारा लगातार गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियाँ भी दी जा रही हैं। पीड़ित ने कहा कि जब उसने थाना से सवाल किया कि नामजद अभियुक्तों को क्यों छोड़ा गया, तो उसे जवाब मिला कि नामजद आवेदन पर केस दर्ज नहीं होगा और उसे अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ नया आवेदन देना होगा।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की अंतिम बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूजा को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। महासमिति के द्वारा 26 सितंबर को पंडाल परिसर के समक्ष दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंदों को भोजन कराया जाएगा। सप्तमी की प्रातःकालीन बेला में भव्य डोली यात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र बनेगी। दशमी को दोपहर 1 बजे से भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जुलूस पूजा पंडाल से ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय माहौल के बीच निकलेगा। अनुमान है कि इस शोभायात्रा में 5000 से भी अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे, जो माता रानी के भजनों पर नृत्य करते और झूमते हुए माता को विदाई देंगे। विसर्जन स्थल बुढ़वा महादेव तालाब होगा। इस वर्ष पंडाल भी खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। लगभग 60 से 65 फीट ऊंचे पंडाल को बांस और चटाई के माध्यम से तैयार किया जा रहा है, जिसमें शिल्पकला और परंपरा का अद्भुत संगम दिखाई देगा। वही पूजा के दौरान खास बात यह भी होगी कि गणेश जी स्वयं श्रद्धालुओं को लड्डू देकर आशीर्वाद देंगे जो एक अद्भुत एवं अलौकिक होगा। लकी ड्रा के कूपन बाजारों में उपलब्ध हैं,पूजा के उपरांत 6 अक्टूबर को पूजा पंडाल के समीप ड्रा किया जाएगा। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हर श्रद्धालु को इस बार पूजा में विशेष अनुभव मिले।

## मनीष जायसवाल ने सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के 16वें जत्थे को जिनगा पंचायत से किया रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 16वां पड़ाव दारू प्रखंड के जिनगा में पहुंचा। इस अभियान के तहत जिनगा ग्राम पंचायत से 65 तीर्थयात्रियों का एक जत्था मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज और अयोध्या के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा 29 जून, 2025 को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के खपरियाँवा पंचायत से शुरू हुई थी। अब तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू, रामगढ़, बड़कागांव, बरही और हजारीबाग सदर विधानसभा के 15 अलग-अलग स्थानों से कुल 180 तीर्थयात्री इस महाअभियान का लाभ उठा चुके हैं। जिनगा शिवालय में पूजा-अर्चना के बाद सभी तीर्थयात्री ढोल-ताशे के साथ झुमरा बाजार होते हुए तिलैया शिव मंदिर प्रांगण पहुँचे। यहाँ सांसद मनीष जायसवाल की टीम ने यात्रियों को फलाहार और पीने का पानी दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के जाने-माने समाजसेवी और भाजपा नेता श्रद्धानंद सिंह मौजूद रहे। उन्होंने तीर्थयात्रियों का हौसला बढ़ाया और उनसे पैर छूकर आशीर्वाद लिया। श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल इस युग के श्रवण कुमार हैं, जो अपने क्षेत्र के जरूरतमंद बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में तीर्थयात्रा का विशेष महत्व है, और इस परंपरा को कायम रखने के लिए हर पांचवें दिन 65 तीर्थयात्रियों को यात्रा पर भेजा जा रहा है। उन्होंने सभी यात्रियों को 'जय श्री राम' कहकर विदा किया। इस अवसर पर दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, बलदेव बाबू, जीवन मेहता, बीरेंद्र कुमार बीरू, मिथलेश यादव, कृष्णा मेहता, मोहन साव, विशेषांक वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का सिविल सर्जन ने किया शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 16 सितम्बर 2025 तथा मॉप-ऑप दिवस 19 सितम्बर 2025 के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में मंगलवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ०. महालक्ष्मी प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम द्वारा राष्ट्रीय कृमि कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तुरब्बा गांधी उच्च विद्यालय, कैथा रामगढ़ के किशोर बालिकाओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। जिसमें जिला आर० सी० एच० पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई के सभी सदस्य एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत मॉप-ऑप दिवस 19 सितम्बर 2025 को मनाया जाना है जिसमें छुटे हुए सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। गौरतलब होकि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत इस वर्ष 1 से 19 वर्ष तक की आयु के 148848 बच्चों, किशोर किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## विश्वकर्मा पूजा एवं दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुशा (हजारीबाग)** : थाना परिसर में विश्वकर्मा पूजा एवं दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर की गई शांति समिति की बैठक। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी नवीन भूषण कुल्लू व संचालन थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने किया। शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ अजित कुमार विमल जिला परिषद सविता सिंह इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी शामिल हुए। मौके पर एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का अपील किया। उन्होंने कहा असामाजिकतत्वों पर प्रशासन का विशेष नजर रखी जाएगी एवं सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों को चिंहित कर बक्शा नहीं जाएगा वहीं मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा की चलकुशा पंचायत में कुछ लोगों के द्वारा माहौल खराब करने कि कोशिश कि जा रही है प्रशासन लोगों को चिंहित कर कारवाई करें। लोग भाई चारगी के साथ त्यौहार को मनाएं। मौके पर पूर्व उप प्रमुख भीखी सिंह मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव , सीताराम पंडित पसंस प्रतिनिधि उमेश साव, शमीम अंसारी, बसंत पाण्डेय, अंचल निरीक्षक मुकेश रंजन, बालचन्द यादव,नईम अंसारी, राजकुमार पंडित, नईम एवं अन्य लोग बैठक में उपस्थित थे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत जागरुकता वाहन को उपायुक्त ने किया रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : आज से 2 अक्टूबर तक संचालित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल एवं सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। जागरूकता वाहन के द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर आम जनों को सरकार की महत्वाकांक्षी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के उद्देश्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

अभियान की प्रमुख विशेषताएं

यह विशेष अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, परिवार को सशक्त बनाने और राष्ट्र के स्वास्थ्य परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह पहल 8वें राष्ट्रीय पोषण माह एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से भी जुड़ी है।

महिला स्वास्थ्य जांच एवं सेवाएं ई.एन.टी., नेत्र, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं दंत जांच कैंसर स्क्रीनिंग (मुख, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा)

टीकाकरण सेवाएं

गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, एनीमिया स्तर की जाँच,क्षय रोग (टीबी) जांच, सिकल सेल एनीमिया जांच, मानसिक स्वास्थ्य हेतु टेली-मैनस सुविधा विशेष चिकित्सकीय परामर्श स्वस्थ जीवनशैली एवं वेलनेस चीनी एवं तेल की खपत में 10% कमी स्थानीय एवं क्षेत्रीय खाद्य पदार्थों का प्रोत्साहन शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी प्रथाओं पर जागरूकता मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण जागरूकता टेक होम राशन का वितरण स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहु२च मदर एवं चाइल्ड प्रोटेक्शन (टउढ) कार्ड वितरण प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में नामांकन आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण सिकल सेल कार्ड वितरण पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रक्तदान शिविर निक्षय मित्र स्वयंसेवक पंजीकरण अंगदान हेतु पंजीकरण

सुविधाओं की उपलब्धता महिलाएँ एवं बच्चे इन सेवाओं का लाभ अपने निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (उल्ठउ), एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों से प्राप्त कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कुड़मी समुदाय के द्वारा रेल टेका,डहर छेका कार्यक्रम ऐतिहासिक बनाने का निर्णय



**बड़कागांव** : बड़कागांव –कुड़मी समाज को एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर 20 सितंबर को समाज की ओर से रेल टेका , ढहर छेका कार्यक्रम के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशन में रेल रोकने की योजना बनाई गई है। इसके तहत मंगलवार को पारपैन सीकरी गांव में समाज के लोगो ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लेकर तैयारी बैठक की। बैठक की अध्यक्षता भोला महतो व संचालन अरूण महतो ने किया। मौके पर अशोक महतो ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। बड़कागांव के सैकड़ो गांव से हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से भोला महतो, अरुण महतो, अशोक महतो, रमन महतो, योगेश्वर प्रसाद महतो, मनोज महतो, बिजली महतो, तिलेश्वर महतो, टिकेश्वर महतो, मेघनाथ महतो, राजेश महतो, संतोष महतो, श्याम किशोर महतो, सत्येंद्र कुमार महतो,नरेश महतो, राजेश महतो,बुधन महतो, गणेश महतो,रोशन महतो एवं कुड़मि जनजाति के लोग महिला पुरुष शामिल थे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट के भव्य आयोजन को लेकर हुई बैठक



**बड़कागांव** : हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से संचालित किये जा रहे सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो: फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन को लेकर बड़कागाव पश्चिमी पंचायत भवन में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहु सोनी की अध्यक्षता एवं विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू के संचालन में कार्यकताओं के साथ बैठक किया गया। जिला से आए हुए हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, जिला खेल प्रभारी बंटी तिवारी, विशेषांक वर्मा ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश दिए। वही टूर्नामेंट को सफल बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, उपाध्यक्ष भीखन महतो, राजीव कुमार रंजन, सचिव शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, संयुक्त सचिव मनीष पांडे, विजय यादव, संजय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष भवानी प्रसाद दांगी, खेल प्रभारी धनंजय प्रसाद धीरज, संजय राणा, कमेन्ट्री लोकसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्ण राम, मीडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उदय मेहता, संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, श्रीकांत निराला, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, मुकुटधारी महतो, डॉ. बालेश्वर महतो, कैलाश राणा, राजेश गुप्ता, पारसनाथ प्रसाद, टुकेश्वर प्रसाद, रामचंद्र महतो, नरसिंह प्रसाद, इंद्र भूषण, सुमन गिरी, अवध किशोर कुमार, किशोर राणा, धर्मेंद्र प्रसाद, राजकुमार राणा, भागीरथ ठाकुर, कजरू साव, उपेंद्र प्रसाद का चयनित किया गया। मौके पर दोनों मंडल के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राधा गोपाल इस्पात फैक्ट्री में फर्नेस पंचर, 3 मजदूर जख्मी



**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत जियाडा प्रक्षेत्र स्थित राधा गोपाल इस्पात फैक्ट्री में लगा फर्नेस लीक होकर पंचर हो गया। जिसमें काम कर रहे तीन मजदूर चोटिल हुए हैं।घायलों में धीरज कुमार महतो पिता सुकेश्वर महतो ग्राम गेंनपुर थाना राजपटी जिला सीतामढ़ी बिहार, सुरेन्द्र चौधरी रामपुर बिहार एवं हरेंद्र यादव रोहतास बिहार शामिल हैं। तीनों को बेहतर इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया गया। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार पहुंचे और घटना की जानकारी ली । इस संबंध में फैक्ट्री संचालक विकास छाबड़ा ने बताया कि फर्नेस लीक होना सामान्य प्रक्रिया है। इसमें किसी तरह की जान माल की क्षति नहीं हुई है। कुछ लोग चोटिल हुए हैं। जिसका बेहतर इलाज किया जा रहा है।

### अवैध खनन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, प्राथमिकी दर्ज




रामगढ़ : रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में औचक जांच के क्रम में गंगा धर्म कांटा के सामने, राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर, बोंगाबार के निकट दिगवार की ओर मुंह कर खड़ा एक हाईवा संख्या–JH 10BB 4003 जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में हाईवा पर क्वार्टजाईट खनिज लदा हुआ पाया गया। हाईवा के अन्दर क्वार्टजाईट खनिज से संबंधित परिवहन चालान नहीं पाया गया। स्थल पर खनिज का मापी के उपरांत मात्रा लगभग 728 CFT पाया गया। जिससे स्पष्ट हुआ कि उक्त हाईवा के मालिक, अज्ञात चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के द्वारा आपसी मिलीभगत कर अवैध रूप से बिना वैध परिवहन चालान के क्वार्टजाईट खनिज का परिवहन कार्य किया जा रहा था। तदोपरान्त उक्त हाईवा को खनिज सहित विधिवत स्थल पर जप्त कर कुज्जु थाना को सुपुर्द किया गया। जिसके उपरांत उपरोक्त वर्णित हाईवा के मालिक, अज्ञात चालक तथा अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपति की चोरी, खनन राजस्व का क्षति, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के धारा 4, 21, झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित के नियम 54. The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के नियम 9, 13 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 17.09.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 56 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये

## शुभकामना संदेश

विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर प्रत्यूष नवबिहार की ओर से पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों सहित सभी शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

## अवकाश की सूचना

विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर प्रत्यूष नवबिहार के कार्यालय में 17 सितंबर 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितंबर 2025 को प्रकाशित होगा।

-संपादक

### झारखंड में शिक्षा को नई मजबूती : मुख्यमंत्री ने 301 शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# शिक्षा से समझौता नहीं, झारखंड को दिलायेंगे बौद्धिक पहचान : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित कराई गई नियुक्ति परीक्षा में सफल 301 सहायक आचार्यों (शिक्षकों) को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें गणित और विज्ञान के 131 स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य तथा कक्षा पहली से पांचवीं तक के लिए 170 इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में आयोजित समारोह में कुल 301 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें गणित और विज्ञान के 131 स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य तथा कक्षा पहली से पांचवीं तक के लिए 170 इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी नव-नियुक्त सहायक आचार्यों को बधाई दी और उनसे कहा कि आप सभी को सरकारी स्कूलों को चलाने की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। यहां कई चुनौतियां हैं। एक तरफ सरकारी व्यवस्था, दूसरी तरफ निजी विद्यालय। आप सभी नव नियुक्त सहायक आचार्य शिक्षा की रीढ़ की हड्डी बने, इसलिए आप सभी का चयन किया गया है।



राज्य में और 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए आपको पारिश्रमिक मिलेगा वह पैसा आम लोगों का है। आम जनता द्वारा भुगतान किए गए टैक्स के पैसे से आपको तनख्वाह दी जाएगी। आने वाले समय में आपका प्रमोशन भी होगा। उन्होंने कहा कि अगर हम किसी चीज को पाने की इच्छा रखते हैं, तो हमें कुछ देने की भी कोशिश करना नितांत आवश्यक है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय' की शुरूआत होने के बाद कई अभिभावक अपने बच्चों का निजी स्कूलों से नाम कटवा कर सरकारी स्कूल में करवा रहे हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है, क्योंकि निजी स्कूलों में पैसे देने की स्थिति उनकी नहीं है, साथ ही हम लोगों ने गुणवत्तापूर्वक उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ किये है। हालांकि मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में अभी और बेहतर चीजों को समाहित करने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से इस प्रक्रिया को बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कदम उठा रही है। प्राथमिक, माध्यमिक, डिग्री आधारित, इंजीनियरिंग, मेडिकल या अन्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार बेहतर कार्य कर रही है और हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व कितना है, इससे हम सभी भली भांति वाकिफ हैं। हमारे पूर्वज और कई माता-पिता ऐसे हैं, जिन्होंने पढ़ाई नहीं की, लेकिन जीवन में वे काफी व्यावहारिक रहे हैं, उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर अपने इर्द-गिर्द के सभी चीजों को संजोया है, उस समय की शिक्षा पद्धति कुछ और थी। पूर्व के समय से ही बौद्धिक विकास अलग-अलग माध्यमों से होता रहा है और वर्तमान में हमारे बच्चों के बौद्धिक विकास का रास्ता शिक्षा के माध्यम से होकर जाता है, जो पहले से बिल्कुल अलग है और इसमें लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में कमियां रहेंगी, तो इसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना होगा। इसीलिए आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। अपने पेट का अनाज कम कर के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का उदाहरण अपनी नजरों से हम सभी देखते हैं और महसूस भी करते हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की ओर से इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में सहायक आचार्य को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में सीएम ने प्रोजेक्ट भवन में पौधा लगाया



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) परिसर में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन की स्मृति में पौधा रोपण किया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड सचिवालय संघ की ओर से किया गया था। इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा व कई अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सचिवालय सेवा संघ अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि सचिवालय सेवा संघ चाहता था कि प्रोजेक्ट भवन परिसर में कोई पौधा गुरुजी की याद दिलाता रहे। इसलिए संघ ने मुख्यमंत्री से पौधारोपण का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने आज करम का पौधा लगाया। यह हमारी संस्कृति की भी याद दिलाता रहेगा। इस अवसर संघ के महासचिव राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष अवध भगत, संयुक्त सचिव आनंद कुमार व अन्य पदाधिकारी तथा भारी संख्या में सचिवालयकर्मी उपस्थित थे।

## न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**पश्चिमी सिंहभूम :** हेमन्त सोरेन और झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चाईबासा जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर खूंटी में जिला बार भवन और चांडिल में अनुमंडल बार भवन का भी शिलान्यास किया गया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में राज्य के वरिष्ठ न्यायाधीश, अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुविधा और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन भवनों के निर्माण से न्याय प्रक्रिया में गति आएगी और अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश परलोक सिंह चौहान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत अधिवक्ता संघ भवन न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन भवनों से युवा अधिवक्ताओं को भी बेहतर अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान चाईबासा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश के प्रति आभार जताया और भवन निर्माण को ऐतिहासिक कदम बताया।

### एक नजर

## भारत ने कतर पर हुए हमले की संयुक्त राष्ट्र में निंदा की

**नई दिल्ली :** भारत ने दोहा में हुए हालिया हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की कड़ी निंदा की। भारत ने मतभेदों को बातचीत और कूटनीति से सुलझाने की बात कही। संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में आज भारत के प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने यह बातें कहीं। बागची ने साफ कहा कि देशों को संयम बरतना चाहिए और एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि बागची ने कहा कि भारत कतर और उसके लोगों के साथ खड़ा है और हमेशा संवाद और कूटनीति को ही समाधान का रास्ता मानता है। किसी भी तरह का तनाव बढ़ना टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से शांति और स्थिरता का पक्षधर रहा है और किसी भी रूप में आतंकवाद का विरोध करता है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से फोन पर बात की थी। उन्होंने हमलों पर गहरी चिंता जताई और कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा की थी। इजरायल ने हमास नेतृत्व को निशाना बनाते हुए कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमले किये थे। हालांकि बाद में इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा था कि यह कार्रवाई उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसी ने स्वतंत्र रूप से की थी।

# देहरादून में बरपा अतिवृष्टि का कहर, 13 की मौत व 16 लापता, कई भवनों में समाया मलबा



एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के देहरादून जिले में एक बार अतिवृष्टि ने कहर बरपाया है। सहस्त्रधारा के पास कालीगार्ड व मण्झारा गांव के बीच बाढ़ और बारिश जनित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है जबकि 16 से अधिक लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों की खोज के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस आपदा से काफी नुकसान हुआ है। इस बीच मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्य में और तेजी लाने और प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि सहस्त्रधारा से 3 किमी आगे कालीगार्ड व मण्झारा गांव के बीच गाढ़, जो सहस्त्रधारा नदी में मिलती है, में अचानक बाढ़ के साथ मलबा आ जाने से लगभग 2-3 मकान व कुछ रिसोर्टस दब गए हैं। यहां दो से तीन लोग के मलबे में दबे होने की संभावना है। राहत एवं बचाव टीमें लगातार रेस्क्यू में लगी हैं। दोपहर में झड़ीपानी में एक मकान के ऊपर मलबा आने एक व्यक्ति के मौत हो गई और एक घायल हो गया। इसके अलावा डीआईटी कॉलेज, राजपुर रोड केनिकट मसूरी डायवर्जन के पास पानी में बहे छात्र का शव बरामद कर लिया गया है। देहरादून की भगत सिंह कॉलोनी में भी एक व्यक्ति की पानी की तेज प्रवाह में बह गया। राजपुर शिखर फॉल के पास भी दो व्यक्तियों की बहने व टपकेश्वर में एक व्यक्ति की बहने खबर है। इसके अलावा तहसील-कालसी के अंतर्गत स्थान जजरेट के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने एक व्यक्ति की मौत हुई है। कैनाल रोड काठबंगला मे नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण एक मकान बह गया है। यहं कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रशासन ने तुरंत यहां के घरों से लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया दिया है। अब नदी का जलस्तर कम हो रहा है। इसके अलावा कई लोग नदी नालों का प्रवाह बढ़ने से फंस गए थे, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है।

# नशे से युवाओं को बचाना जरूरी, सरकार इससे निपटने के लिए प्रतिबद्ध : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पाने के लिए युवाओं को नशे से बचाना आवश्यक है। नशे की चपेट में आने पर युवा शक्ति कमजोर होगी और देश का भविष्य खतरे में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश से इस समस्या के पूरी तरह खात्मे को लेकर काम कर रही है। शाह ने कहा कि इस उद्देश्य से गृह मंत्रालय शीघ्र ही डिपोर्टेशन और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पर नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी करने जा रहा है। गृह मंत्री ने आज यहां राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मादक पदार्थ विरोधी विशेष कार्यबल के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन




को संबोधन किया। उन्होंने कहा कि विश्व में नशे की आपूर्ति दो बड़े क्षेत्रों से होती हैं। दोनों क्षेत्र भारत के निकट हैं। इसलिए हमें कठोर कदम उठाना जरूरी है। नशे का कार्टेल व्यापार तीन स्तर पर है। पहला देश की सीमा, दूसरा राज्यों तक वितरण और तीसरा राज्यों में छोटी दुकानों और गलियों तक बिक्री करता है। सभी स्तर पर सक्रिय कार्टेल को समाप्त करना आवश्यक है। गृहमंत्री ने कहा कि विदेशों में बैठे तस्करों पर भी कार्रवाई करनी होगी। इसके लिए प्रत्यर्पण और निर्वासन की प्रक्रिया तेज करनी होगी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस दिशा में सराहनीय काम किया है। सभी राज्य इकाइयों को इसके साथ जुड़ना चाहिए। गृह मंत्रालय जल्द ही मानक प्रक्रिया जारी करेगा। शाह ने कहा कि प्रत्येक जिले में मादक पदार्थ विरोधी अभियान मजबूत करना होगा। उन्होंने अपील की कि पुलिस के साथ शिक्षा अधिकारी, धार्मिक नेता और युवा संगठन अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि नशे की प्रयोगशालाओं का नाश करना आवश्यक है। नशा उपलब्ध रहने पर लोग पुनर्वास की ओर नहीं बढ़ते। नशा बंद होने पर ही परिवार और समाज उपयोगकर्ताओं को उपचार के लिए प्रेरित करेंगे। शाह ने कहा कि यह लड़ाई सबको मिलकर लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-नीत संप्रग सरकार में 40 हजार करोड़ रुपये के ड्रग्स पकड़े गए थे। वहीं भाजपा-नीत राजग सरकार में बीते 10 सालों में 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपये के ड्रग्स पकड़े गए हैं।



## एक नजर

### तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने दो युवक को मारा टक्कर, दोनो घायल



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही चौक पर सोमवार देर शाम को सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान (1) सौरव पासवान उम्र 10 वर्ष पिता सुनील पासवान (2) सुमित पासवान पिता सुनील पासवान दोनों ग्राम बिंडोमोह, थाना नवलशाही निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक सगा भाई है दोनों दूध लेकर सड़क पार कर रहा था इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दिया जहाँ दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से कुमार क्लिनिक पुरनाडीह ले जाया गया जहाँ से घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया है । दूसरी और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को पुलिस जब्त कर थाने में रखा है।

### हिन्दुस्तान सु एण्ड स्पोर्ट्स सेंटर का हुआ उद्घाटन



**बोकारो :** चास प्रखण्ड बिजुलिया मार्केट पर हिन्दुस्तान सु एण्ड स्पोर्ट्स का उद्घाटन झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह भाजपा वरिष्ठ नेता डा० लखन खावास ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा यह सेंटर खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के विधार्थी को काफी सुविधाएं मिलेगी। लोगों को चास बोकारो नहीं जाना पडेगा। इस अवसर पर प्रो० शब्बीर आलम अंसारी, गोल मोहम्मद अंसारी,हाफिज कलीम राजा नुरी, जाहाना खातुन अनवर फैजी, आबुकलाम अंसारी, निलपद सिंह, मुस्ताक अंसारी, सद्दाम अंसारी, आदि लोग उपस्थित थे।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत बीजीएच नर्सिंग स्कूल में वाक-पटुता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बोकारो :** बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा थीम सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर आधारित तीन माह के अभियान और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत बोकारो जनरल हॉस्पिटल के नर्सिंग स्कूल सभागार में अंग्रेजी एवं हिंदी भाषाओं में वाक–पटुता प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विभूति करुणामय उपस्थित रहे। साथ में मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा, एसीएमओ डॉ. अभिनव कुमार सहित कई अन्य अधिकारी, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने सभी का स्वागत करते हुए नर्सिंग विद्यार्थियों को इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. विभूति करुणामय ने नैतिक मूल्यों, कार्य में ईमानदारी तथा सतर्कता जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पारदर्शिता अपनाने, अनुशासन का पालन करने तथा कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोपरि रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में नर्सिंग स्कूल के कुल 27 विद्यार्थियों ने अपनी वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया।

# आजसू पार्टी की आक्रोश रैली, 500 करोड़ के भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जिले में हो रहे विभिन्न विभागीय भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को लेकर आजसू पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो के नेतृत्व में मंगलवार को बोकारो हवाई अड्डा से जिला मुख्यालय तक आक्रोश रैली निकाली गई । इस दौरान आजसू जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने जिलास्तरीय कई गंभीर मामलों पर उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की माँग करते हुए कहा कि अगर प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर समाचार पत्रों और जनमानस के माध्यम से कई गंभीर घोटाले सामने आए हैं, लेकिन जिला प्रशासन अभी तक ठोस कदम उठाने में विफल रहा है। रैली के बाद आजसू प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की माँग की।

**प्रमुख मुद्दे जिन पर आजसू ने उठाई आवाज**

बोकारो डीएमएफटी घोटाला : हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार करीब 600 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है। इसमें जिलास्तरीय अधिकारियों की संलिप्तता की बात कही जा रही है। इसकी न्यायिक जाँच की माँग की गई। भर्ती प्रक्रिया में धांधली : होमगार्ड और चौकीदार भर्ती प्रक्रिया में धांधली की आशंका जताई गई है। छात्रवृत्ति भुगतान लंबित : कल्याण विभाग की लगभग 11 हजार छात्रवृत्ति फाइलें लंबित हैं, जिससे एस सी, एस टी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी वंचित हैं। अबुआ आवास 2 योजना : जिले के 1700 से अधिक लाभुकों को जियो टैग के बावजूद आवास नहीं मिल पाया है। जरीडीह प्रखंड अस्पताल : करोड़ों में बने अस्पताल भवन को ट्रस्ट को संचालन हेतु सौंपे जाने की जाँच की माँग। जियादा क्षेत्र की फैक्ट्रियां के प्रदूषण से प्रभावित हो रही स्थानीय आबादी के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की माँग। रेलवे साइडिंग में कोयला परिवहन की तय मात्रा से अधिक ट्रकों द्वारा कोयला परिवहन की शिकायत।2 लाख से अधिक राशन कार्ड आवेदन लंबित रहने का मामला उठाया गया। मौके पर संचालन करते हुए जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो ने कहा जिले में भ्रस्टाचार व्याप्त रूप से फैली हुई है। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अनिल झा ने किया। आजसू नेताओं ने कहा कि अगर उपर्युक्त सभी मामलों की गंभीर जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो जिले में बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, दुर्गा चरण महतो, केंद्रीय सदस्य सूरज महतो, बंकू बिहारी सिंह, चंदनकियारी प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश महतो, चंद्रपुरा प्रखंड अध्यक्ष मनोज दास, बेरमो प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, महिला अध्यक्ष रीना देवी, बासुदेव लहरी, मिलन महतो, रितिक रजक, जुबेर अहमद, सहित सेंकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र बेंदी में लार्वा एवं वयस्क मच्छर संग्रह हेतु शिविर का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** क्षेत्रीय मलेरिया कार्यालय हजारीबाग एवं जिला मलेरिया कार्यालय कोडरमा के कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से ब्रह्म मुहूर्त में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा के अंतर्गत अवस्थित उप स्वास्थ्य केंद्र बेंदी में mosquito trapping एव larva & pupaसंग्रह हेतु कैंप किया गया। जिला भी.बी.डी पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार के निदेर्शानुस कार्यों का संपादन किया गया। जिला भी.बी.डी. सलाहकार कृष्ण कान्त मणि ने बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम ग्रामीण स्तर पर मच्छर फँसाने (ट्रैपिंग) का मुख्य उद्देश्य मानवों में मच्छर जनित बीमारियों के जोखिम को कम करना, मच्छरों की आबादी और प्रजातियों के बारे में जानकारी एकत्र करना और मच्छर नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता का आकलन करना है। यह जानकारी विभिन्न मच्छर नियंत्रण रणनीतियों और प्रयासों को बेहतर बनाने में मदद करती है। संग्रह हेतु क्षेत्रीय मलेरिया कार्यालय हजारीबाग से सर्विलेंस इंस्पेक्टर सुरेश कुमार यादव प्रभु राम, क्षेत्रीय कार्यकर्ता उमेश कुमार ,एम.डी. इरशाद हुसैन एव जिला मलेरिया कार्यालय कोडरमा से भी.बी.डी. सलाहकार कृष्ण कांत मणि, एमटीएस सुनील कुमार पंडित एमपीडब्ल्यू दीनदयाल, जगदीश कुमार आदि कर्मी मौजूद थे।

## पीएमश्री परियोजना, बालिका उच्च विद्यालय, कोडरमा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के द्वारा पी०एम०श्री० परियोजना, बालिका उच्च विद्यालय, कोडरमा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में असैनिक शल्य सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा डॉ0 अनिल कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ0 मनोज कुमार, विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश सिन्हा, जिला डाटा प्रबंधक पवन कुमार, तकनीकी संस्था से दिवाकर शरण, तथा डीपीएमयू यूनिट से अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मी सहित अध्यनरत विद्यार्थी मौजूद थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों को प्रभावित करता है कोडरमा में दिनांक 16 सितंबर कृमि मुक्त दिवस तथा 19 सितंबर मॉप उप दिवस मनाया जाना है आदि चर्चा करते हुए बताया गया कि नियमित रूप से कृमिनाशक दवा सेवन से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

## 45 झारखंड बटालियन एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** ग्रुप हैडक्वार्टर हजारीबाग के नेतृत्व तथा 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के तत्वावधान में राजकीय पॉलिटेक्निक, कोरमा परिसर में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की गतिविधियाँ बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुईं। शिविर का संचालन 45 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में ग्रुप हेडक्वार्टर के अधीन विभिन्न जिलों से आए लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। दिन की शुरूआत पी.टी से की गई, जिसके बाद कमांडिंग ऑफिसर ने कैडेट्स को प्रेरणादायी ओपनिंग एड्रेस दिया। इसके पश्चात फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, वेपन ट्रेनिंगड्रिल एवं मैप रीडिंग जैसी सैन्यगत गतिविधियों का प्रशिक्षण कराया गया। इंटर ग्रुप गवर्नर बैनर प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, बैलेट तथा फ्लैग एरिया प्रतियोगिताओं की तैयारी डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में की जा रही है। इस दौरान गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर कुसुम कुमारी, शिवानी शर्मा एवं बुल्की कुमारी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वहीं, ढोलक-तबला का प्रशिक्षण संगीत प्रशिक्षक मुकेश राणा द्वारा कराया जा रहा है। चयनित एनसीसी कैडेट्स को आगामी दिनों में पटना भेजा जाएगा, जहाँ बिहार एवं झारखंड निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न ग्रुपों के बीच प्रतियोगिताएं होंगी। वहाँ से चयनित कैडेट्स को बरौनी तथा तत्पश्चात गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली के लिए भेजा जाएगा। इस शिविर में सूबेदार मेजर अरविंद कुमार, जेसीओ बलविंदर सिंह, सूबेदार ए.एन. ठाकुर, सूबेदार चंपा, सूबेदार घसीटा राम , एनसीसी ऑफिसर अरुण कुमार पाल, पंकज मालाकार, सत्यानंद यादव, रंजीत यादव, परमानेंट इंस्ट्रक्टर विकास कुमार एवं अजीत कुमार सहित रणधीर कुमार, सिद्धार्थ कुमार, कुमार सिंह और रंजीत कुमार सहित 45 झारखंड बटालियन की पूरी टीम ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## वित्तीय समावेशन और पुनः केवाईसी अभियान के तहत तातरी में लगा शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्त अभियान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एसबीआई तुपकाडीह शाखा द्वारा तातरी दक्षिणी पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि एसबीआई के झारखंड नेटवर्क महाप्रबंधक विवेक चंद्र जयसवाल, उप महाप्रबंधक धनबाद विजय कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार, सहायक महाप्रबंधक राजेश कुमार, तुपकाडीह शाखा प्रबंधक धनंजय कुमार,एफआई विश्वजीत कुमार आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि भारत सरकार देश की जनता के विकास को लेकर बैंकों के माध्यम से कई योजनाएं चलाई जा रही है , पर जानकारी के अभाव में लोग सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।इसी को लेकर हर पंचायतों में बैंक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। मुखिया शांति देवी ने कहा कि एसबीआई ने अपने हर नागरिक को बैंकिंग सुविधाओं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए यह अनूठी पहल की शुरूआत की है। मौके पर तातरी दक्षिणी व खुटरी पंचायत के ग्रामीण व विभिन्न महिला समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

# पिट्स मॉडर्न स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य और स्व-देखभाल पर आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया में 16 सितंबर, 2025 को एकदिवसीय इन- हाउस कार्यशाला 'मानसिक स्वास्थ्य और आत्म-देखभाल पर एक सार्थक और संवादात्मक आंतरिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि छात्रों और शिक्षकों के बीच भावनात्मक कल्याण को भी बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयोजित किया गया था। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास को नीलांजना दास गुप्ता, अजय कुमार, नंदिता भट्टाचार्य, शिल्पी श्रीवास्तव एवं अन्य समन्वयकों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास, रिसोर्स पर्सन प्रियंका सिंहा और कोर कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया । इस कार्यशाला का संचालन शिक्षिका रानी सिंह ने की। पिट्स मॉडर्न स्कूल के लगभग 85 शिक्षक शिक्षिकां इन- हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला में शिरकत किए। रिसोर्स पर्सन प्रियंका सिन्हा ने छात्रों के सामने आने वाली विभिन्न प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का भी अवलोकन प्रस्तुत किया और पढ़ाई, पाठ्येतर गतिविधियों और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा केवल मन तक ही सीमित नहीं, बल्कि हृदय तक भी पहुंचनी चाहिए। इस तरह के सत्र हमें याद दिलाते हैं कि भावनात्मक स्वास्थ्य ही सच्ची शिक्षा और विकास का आधार है। साथ ही, उन्होंने छात्रों की शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वरूप को बढ़ावा देने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। अभिषेक विश्वास महाप्रबंधक, आई ई पी एल गोमिया और गोमिया प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दासगुप्ता ने इस पहल की सराहना की और कहा, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शिक्षक और छात्र दोनों संतुलन, करुणा और सकारात्मकता के वातावरण में फले-फूलें। साथ ही, उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण हमें याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य ही सफलता, रचनात्मकता और एक आनंदमय शिक्षण वातावरण का आधार है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना मे एक युवक की मौत



**डोमचांच (कोडरमा) :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा – गिरिडीह मुख्य मार्ग के पचगावां मोड़ मे सोमवार देर शाम को सड़क दुर्घटना मे एक युवक कि मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । मृतक कि पहचान रोहित साव उम्र 19 वर्ष पिता जुगेश्वर साव ग्राम फुलवरिया, थाना नवलशाही निवासी के रूप मे हुई है। वहीं घायलों कि पहचान (1) कुंदन मेहता उम्र 19 वर्ष पिता श्रीकांत मेहता (2) सचिन मेहता ग्राम अरकोसा, थाना मरकच्चो निवासी के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर डोमचांच बाजार से फुलवरिया अपने घर आ रहा था इसी दौरान पचगावां मोड़ मे अनियंत्रित होकर गिर गया जहां तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद स्थानीय लोगों कि मदद से एक युवक को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई और दो युवक को तिलैया निजी क्लिनिक ले जाया गया जहां प्रथमिकी उपचार के बाद दोनों को स्थिति गंभीर देखते हुए रांची के मेदांता रेफर कर दिया गया है जहाँ कुंदन का स्थिति नाजुक बना हुआ है। बता दें कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के अरकोसा निवासी सचिन अपने नानी घर फुलवरिया आया था सचिन फुलवरिया निवासी श्रीकांत मेहता के भांजा है। वहीं बता दें कि मृतक रोहित 2 महीना पहले मुंबई से काम कर के घर आया था ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए इसका विवाह छः महीना पहले हुआ है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी सिपाही को 2 साल कारावास की सजा



**कोडरमा :** शादी का झांसा देकर एक सिपाही, द्वारा अपने ही विभाग के महिला पुलिसकर्मी से दुष्कर्म किए जाने के एक मामले र३– 02 /2024 की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने आरोपी अभिमन्यु कुमार, 34 वर्ष, पिता अर्जुन प्रसाद थाना– मुफस्सिल, जिला– हजारीबाग निवासी को 493 आईपीसी के तहत तहत दोषी पाते हुए 2 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 2 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2018 का है। इसे लेकर भुक्तभोगी महिला पुलिसकर्मी ने कोडरमा महिला थाना मे मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें उसने कहा था कि शादी का झांसा देकर अभिमन्यु कुमार ने उसके उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। जब मैंने कहा कि मैं शादीशुदा हूं उसके बावजूद उसने कहा कि मैं तुमसे शादी कर लूंगा और मेरे मना करने के बाद भी लगातार यौन शोषण करता रहा । शादी की बात करने पर वह इनकार कर दिया। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 493 आईपीसी के तहत के तहत दोषी पाते हुए 2 वर्ष कारावास की सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

### विस्थापित एवं अप्रेंटिस संघ की प्रेस वार्ता, प्रेम प्रसाद हत्या प्रकरण में न्यायिक जांच को लेकर जताई उम्मीद




**बोकारो :** सेक्टर 9 के महुआर स्थित अकलू स्मृति भवन में मंगलवार को विस्थापित एवं अप्रेंटिस संघ की ओर से एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अजय महतो ने हाल ही में प्रेम प्रसाद हत्या मामले में उच्च न्यायालय द्वारा जांच को आगे बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया। ज्ञात हो कि बीते 4 अप्रैल को बोकारो प्रशासनिक भवन के पास सीआईएसएफ लाठीचार्ज में विस्थापित युवक प्रेम महतो की मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने बीएस सिटी थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन निचली अदालत ने एफआईआर को निरस्त कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ परिजन उच्च न्यायालय पहुंचे, जिसके निर्देश पर अब उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई शुरू की है। अजय महतो ने कहा कि जिला प्रशासन को चाहिए कि जांच प्रक्रिया को तेज कर, निष्पक्षता के साथ तय समय सीमा में इसे पूर्ण कर उच्च न्यायालय को समेकित रिपोर्ट सौंपे। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि न्यायप्रिय लोगों का भरोसा कानून और प्रशासन पर कायम रह सके। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। इनमें प्रमुख रूप से चंद्रकांत कुशवाहा, प्रदीप सोरेन, नारायण महतो, अशोक महतो, ओमप्रकाश, संतोष दास, अजय कुमार, अजय कुमार महतो, राम पद महतो, गोपाल चंद्र महतो, अजय कुमार दास, राजेश कुमार, सीताराम महतो, किशोर मोदी, सुरेंद्र कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, दुर्गा चरण महतो और गौतम कुमार शामिल थे। सभा में उपस्थित विस्थापितों ने भी एक स्वर से मांग की कि जांच में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए प्रशासन हरसंभव कदम उठाए।

### एमजीएम स्कूल के प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस बने सीबीएसई बोकारो जिला के उप नगर समन्वयक

**बोकारो :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ बोकारो के प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस को बोकारो जिला का उप नगर समन्वयक नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति 15 सितंबर से तीन वर्ष के लिए की गई है। प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस 1999 से शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। उन्होंने डाक्टरेट की उपाधि हासिल की है। वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नागालैंड में विभिन्न विद्यालयों का नेतृत्व करने एवं एमजीएम समूह के शिक्षा अधिकारी के रुप में 32 विद्यालयों व तीन महाविद्यालयों का कुशल संचालन कर चुके हैं। उन्होंने सेंट थामस कालेज भिलाई में प्रशासक एवं फैकल्टी, डायोसीज के जनसंपर्क अधिकारी एवं डायोसीसन बिशप के प्रधान सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने छह विद्यालयों व एक महाविद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिससे विद्यार्थियों तक शिक्षा की पहुंच बढ़ी है। इसके लिए उन्हें कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। वर्तमान में वह डा.एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कांप्लेक्स बोकारो के कोषाध्यक्ष व बोकारो अनएडेड स्कूल मैनेजमेंट फोरम के कोर कमेटी के सदस्य के रुप में कार्यरत है।

# हेमन्त सोरेन की पहल से महिलाओं को मिली नई पहचान 'पलाश ब्रांड'

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पूर्व में हाउसकीपिंग कर परिवार चलाने वाली रांची के सिल्ली निवासी शीला देवी ने अन्य महिलाओं के साथ मिलकर पलाश आजीविका दीदी कैफे शुरू किया। प्रशिक्षण एवं क्रेडिट लिंकेज से मिली सहायता के जरिए उन्होंने, झारखण्ड के व्यंजनों को अपनी रोजगार का आधार बनाया। दिल्ली सरस मेला में हर साल उनकी बिक्री 6-7 लाख रुपये तक पहुँच जाती है। आज वे लखपति दीदी बन चुकी हैं। शीला जैसी सैकड़ों महिलाओं की सफलता की कहानी का आधार पलाश ब्रांड बन चुका है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पहल पर वर्ष 2020 में लॉन्च किया गया पलाश ब्रांड आज झारखण्ड की ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की सशक्त पहचान दे रहा है। इस ब्रांड के अंतर्गत अब तक 30 से अधिक गुणवत्तापूर्ण उत्पाद विकसित किए जा चुके हैं, जो राज्यभर में संचालित पलाश मार्ट, डिस्प्ले काउंटर एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से आम उपभोक्ताओं तक पहुँच रहे हैं। अब तक पलाश ब्रांड के माध्यम से 40 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज किया जा चुका है। पलाश ब्रांड का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के श्रम और कौशल को एक साझा पहचान देना है, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके और वे सीधे बाजार से जुड़ सकें। इसका लोगो राज्य का प्रतीकात्मक फूल पलाश और टैगलाइन ग्रामीण महिलाओं की श्रम-शक्ति का सम्मान उनकी मेहनत और योगदान को नई पहचान देता है। पलाश ब्रांड के राज्यभर में 46 पलाश मार्ट और 24 डिस्प्ले-कम-सेल काउंटर संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद अब घर-घर तक पहुँच रहे हैं। आज 2 लाख से अधिक महिला उद्यमी पलाश ब्रांड से जुड़कर अपने उत्पाद बेच रही हैं और अपनी आजीविका बढ़ा रही हैं। बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की सुविधा से अब महिलाएं सीधे लाभान्वित हो रही हैं, जो पहले बिचौलियों पर निर्भर थीं। पलाश ब्रांड के अंतर्गत जीराफूल चावल, ब्राउन राइस, मडुआ आटा, गेहूँ का आटा, अरहर दाल, सरसों तेल, हर्बल आटा, मसाले, शहद, साबुन, डिटर्जेंट और हैंडवाश जैसे उत्पाद विशेष लोकप्रिय हो रहे हैं। सरसों का तेल पारंपरिक पद्धति से निकाला जाता है। पलाश शहद जंगल से संग्रहित, शुद्ध, पौष्टिक और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर लोगों तक पहुँच रहा है। अनपॉलिश दाल प्राकृतिक रूप में उपलब्ध, अधिक फाइबर और प्रोटीन वाली झारखण्ड की थाली में सज रही है।



## उपायुक्त ने चौकीदार के 251 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को समाहरणालय में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति के लिए चयनित 251 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार, प्रभारी उप समाहर्ता सामान्य शाखा बिवेक सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय और सर्जेंट मेजर आनंद खलखो उपस्थित थे। वहीं नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उपायुक्त ने कहा कि चौकीदारों को दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के संवेदनशील दिशा-निर्देशों पर रांची जिले में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखा गया है। सभी नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यह नियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने नवचयनित चौकीदारों से समाज सेवा के प्रति समर्पण और उत्साह बनाए रखने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी को समाज के लिए बेहतर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण के बाद आपकी पदस्थापन होगी और इस दौरान आपको समाज की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। यह जिम्मेदारी विकसित गांव, विकसित राज्य और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देगी। उपायुक्त ने जोर देते हुए नवचयनित चौकीदारों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको सरकारी सेवा में आने का सुनहरा अवसर दिया है, जिससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

## घरेलू गैस सिलिंडर की अवैध रिफिलिंग एवं व्यावसायिक उपयोग पर पुलिस की कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** घरेलू गैस सिलिंडर के अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध रिफिलिंग की जांच एवं कार्रवाई हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार गठित विशेष छापामारी दल ने आज कार्रवाई की। छापामारी दल ने हरमू बाजार में संचालित एक दुकान पर छापा मारा। छापामारी के दौरान दुकान संचालक को घरेलू गैस सिलिंडर की अवैध रिफिलिंग करते हुए पाया गया। मौके से 14.02 किलोग्राम क्षमता वाले 05 (पांच) गैस सिलिंडर, 05 किलोग्राम का 01 (एक) गैस सिलिंडर एवं 02 किलोग्राम क्षमता वाले 06 (छह) गैस सिलिंडर जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त गैस रिफिलिंग में उपयोग किए जाने वाले उपकरण भी टीम द्वारा सीज कर लिया गया। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों एवं गैस सिलिंडर नियमावली (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) ऑर्डर 2000 के अंतर्गत की गई। साथ ही, आरोपी के विरुद्ध अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस सिलिंडर का अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध रिफिलिंग जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं इस प्रकार की गतिविधि होती दिखे तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके।



## आगामी 15 नवंबर तक 70 प्रतिशत लाभार्थियों का ई-केवाईसी पूरा करे झारखंड : बरनवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली के सीईओ सुनील कुमार बरनवाल मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की ओर से एनएचएम सभागार में आयोजित बैठक में शामिल हुए। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के तहत संचालित आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ बरनवाल ने राज्य में ई-केवाईसी को 15 नवंबर तक राष्ट्रीय औसत के स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि कम से कम 70 प्रतिशत लाभार्थियों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरा होना चाहिए। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने कि जरूरत है। बरनवाल ने सार्वजनिक अस्पतालों की क्षमताओं को सुदृढ़ करने, विशेषज्ञ डॉक्टरों के बेहतर उपयोग, बड़े पैकेजों के शीघ्र क्रियान्वयन और फ्रॉड मामलों की पुनः जांच पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत चिकित्सकीय संस्थानों और चिकित्सकों के डेटा एंट्री और मरीजों के डिजिटल रिकॉर्ड को सुनिश्चित करने संबंधित निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डॉ नेहा अरोड़ा ने योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में सरकारी अस्पतालों में केवल 10 प्रतिशत केसेस दर्ज हुए थे, लेकिन पिछले वर्ष यह आंकड़ा 50 प्रतिशत तक बढ़ा। बैठक में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा, अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, प्रवीण चंद्र मिश्रा, जीएम जेएसएएस और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पांच दिवसीय एआई कार्यशाला का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के कांके में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में मंगलवार को सामाजिक संस्था समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरूआत की। कार्यशाला में पहले दिन 10वीं और 12वीं कक्षा की सैकड़ों छात्राएं शामिल हुईं। विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक सतीश नायक ने सभी छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विस्तृत जानकारी दी। एआई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्राओं में तकनीकी ज्ञान बढ़ेगा। वे आधुनिक तकनीक के प्रति अधिक जागरूक व सशक्त बनेंगी। छात्राओं को वास्तविक जीवन में एआई के सरल उपयोग, इसके प्रकार और अनुप्रयोगों के साथ-साथ मशीनों द्वारा मानव भाषा को समझने और प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में एआई की सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसमें छात्राओं को बताया गया कि यह तकनीक मशीनों को इंसानों की तरह सोचने, सीखने और समस्याओं का समाधान करने में सक्षम बनाती है। विशाल डेटा का विश्लेषण करके यह पैटर्न पहचानती है और भविष्यवाणी करती है, जिससे मशीनें स्वतः निर्णय ले सकती हैं। छात्राओं को यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एआई उपयोगकताओं की रुचि के नमूनों (पैटर्न) को पहचानकर विज्ञापन और सामग्री प्रस्तुत करता है, जो कभी-कभी निजी डेटा सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है।

# पत्थर माफिया, दलालों व बिचौलियों ने कराई सूर्या हांसदा की हत्या : दीपक प्रकाश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को लेकर राज्य की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से करवाने की मांग की। रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुये दीपक प्रकाश ने कहा कि सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामला पूरी तरह फर्जी है। सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं, बल्कि पत्थर माफिया, दलाल और बिचौलियों के इशारे पर राज्य की पुलिस ने हत्या की है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच रिपोर्ट से साफ हो गया है कि सूर्या हांसदा की हत्या कराई गई है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति आयोग में जांच के लिए 16 अगस्त को लिखित आवेदन किया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए आयोग ने जांच की है। जांच में आयोग के सदस्य निरुपम चकमा, आशा लकड़ा सहित 6 अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। 12 सितंबर को गृह मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की अनुशंसा की है तथा आवेदक के रूप में मुझे भी प्रतिलिपि प्रेषित की है। दीपक प्रशाश ने कहा कि जांच टीम के समक्ष आरोपित पुलिस पदाधिकारियों का उपस्थित नहीं होना, मुठभेड़ स्थल पर कोई जंगल नहीं होना और बावजूद इसके दो घंटे तक मुठभेड़ दिखाना, मीडिया को घटना स्थल से दूर रखना, सूर्या हांसदा को बिना कोई वारंट के 24 घंटे से ज्यादा पुलिस की हिरासत में रखना, न्यायिक अधिकारी के समक्ष पेश नहीं करना, घटना स्थल पर खून के धब्बों का नहीं होना जैसे साक्ष्य तथाकथित मुठभेड़ को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि सूर्या हांसदा एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता थे। संथाल परगना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर राज्य सरकार के संरक्षण में पल रहे पत्थर माफिया, दलालों और बिचौलियों का विरोध करते थे। इसलिए वे ऐसे लोगों के निशाने पर थे। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सूर्या हांसदा सैकड़ों अनाथ, बेसहार व गरीब बच्चों के सहारा थे। उनकी पढ़ाई लिखाई, आवास व भोजन की चिंता करते थे। उन पर कोई वारंट नहीं था, फर्जी मुकदमों में वे बरी होते जा रहे थे, लेकिन राज्य सरकार के इशारे पर उनकी हत्या कराई गई। उन्होंने कहा कि सीआईडी जांच से इसका समाधान नहीं, बल्कि लीपापोती होगी। राज्य सरकार के वे पदाधिकारी भला क्या इंसाफ करेंगे, जिनपर हत्या का आरोप है। इसलिए सीबीआई जांच ही एकमात्र समाधान है। उन्होंने राज्य सरकार से इस घटना की अविलंब सीबीआई जांच कराने, आरोपित पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण करने और परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, प्रदीप सिन्हा,सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।




## एक नजर

### झारखंड पुलिस मुख्यालय के डाटा सेंटर में लगी आग

**रांची :** रांची के धुर्वा स्थित झारखंड पुलिस मुख्यालय के डाटा सेंटर में मंगलवार सुबह आग लग गई। यह आग डाटा सेंटर के ठीक ऊपर बने डेवलपमेंट रूम में लगी, जिससे वहां रखी वायर केबल और अन्य उपकरण जल गए। आग लगने की खबर मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को फैलने से पहले ही काबू कर लिया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। डाटा सेंटर में आग लगने की घटना से 40 कंप्यूटर और 10 एसी पूरी तरह से जल गए है। अन्य नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका है। कई महत्वपूर्ण कागजात की भी जलने की सूचना है। आग कैसे लगी इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आयी है। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय में आग लगने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार यहां आग लग चुकी है।

### डाक मंडल की बैठक में टीबी नमूनों की सुचारु डिलीवरी पर हुई चर्चा

**रांची :** भारत सरकार डाक विभाग, रांची डाक मंडल और राज्य स्वास्थ्य विभाग, टीबी सेल, एनएचएम परिसर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रांची में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में रांची से इटकी टीबी अनुसंधान अस्पताल तक टीबी नमूनों की सफल और सुचारु डिलीवरी पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ कमलेश कुमार और वरिष्ठ डाक अधीक्षक रांची डाक मंडल रूपक कुमार सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। दोनों अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित पार्सल, दवाइयों और उपकरणों की राज्यभर के सरकारी अस्पतालों तक समय पर बुकिंग और डिलीवरी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर डीपीएस झारखंड डाक परिमंडल राम विलास चौधरी ने डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं और स्पीड पोस्ट पार्सल सेवा और डाक जीवन बीमा (पीएलआई) की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक विभाग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग अपने सभी पार्सल सुरक्षित और समय पर भेज सकता है। निदेशक-इन-चीफ एनएचएम रांची सिद्धार्थ सान्याल ने टीबी के लक्षणों और इसके गंभीर प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डाक विभाग और स्वास्थ्य विभाग के बीच हुए एमओयू के तहत पूरे झारखंड राज्य से टीबी सैम्पल्स की बुकिंग और समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। डीडीएम पीएलआई अमित कुमार ने डाक जीवन बीमा की विशेषताओं और लाभों पर जानकारी दी और इसे स्वास्थ्यकर्मियों एवं अधिकारियों के लिए सुरक्षित निवेश विकल्प बताया। बैठक में डीपीएस झारखंड डाक परिमंडल राम विलास चौधरी, निदेशक-इन-चीफ एनएचएम रांची सिद्धार्थ सान्याल, वरिष्ठ प्रधान डाकपाल, रांची जीपीओ दिवाकर प्रसाद, रूपक कुमार सिन्हा, डीडीएम पीएलआई अमित कुमार और राज्य टीबी पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार सहित रांची डाक मंडल के अधिकारी-कर्मचारी और सभी जिला टीबी पदाधिकारी मौजूद थे।

### बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के सीएम को दी जन्मदिन की बधाई

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के बीच उन्हें संकल्प दिलाया। इस दौरान राज्यपाल ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर विशेष पूजा की। राज्यपाल ने भगवान आशुतोष से समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के बाद जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह एवं बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सह मंदिर प्रभारी रवि कुमार, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल देवघर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की छठी वर्षगांठ को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे हैं।

### तिरुपति की बैठक में शामिल हुई महुआ माजी




**रांची :** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने मंगलवार को तिरुपति में आयोजित पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ऑन कोपलोट की बैठक में शामिल हुई। इस संबंध में सांसद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक के दौरान राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ और संस्थागत समन्वय और नीतिगत सहयोग को आगे बढ़ाने पर बल दिया गया। तिरुपति में हुई यह बैठक शैक्षणिक, वित्तीय और सांस्कृतिक संस्थानों के साथ-साथ नीति निमार्ताओं के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। बैठक में सांसद डॉ महुआ माजी के साथ-साथ आईआईटी तिरुपति आईआईएसईआर तिरुपति, यूनियन बैंक, नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी तिरुपति, इंडियन कुलिनरी इंस्टीट्यूट (पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार) कई प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि सहित संसद के कई सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### आरडीसीआईएस में राजभाषा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ




**रांची :** आर॰डी॰सी॰आई॰एस, सेल में राजभाषा पखवाड़ा का विधिवत उद्घाटन कार्यपालक निदेशक, आर॰डी॰सी॰आई॰एस द्वारा सभी मुख्य महाप्रबंधकों एवं समूह प्रमुखों की उपस्थिति में किया गया। यह पखवाड़ा सेल, रांची में इस पखवाड़े में बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर कार्यपालक निदेशक ने सभी कर्मचारियों से विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बल दिया कि हमारी राजभाषा के प्रति प्रतिबद्धता केवल पखवाड़े तक ही सीमित न रहकर हमारे दैनिक कार्यों में भी परिलक्षित होनी चाहिए। उद्घाटन समारोह का संचालन श्री रौशन कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं राजभाषा अधिकारी, आरडीसीआईएस द्वारा किया गया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजयुमो करेगा कार्यक्रमों का आयोजन



**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर झारखंड में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। रांची स्थित कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का यह जन्मदिवस देशभर में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजयुमो झारखण्ड में भी अनेक सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करेगा। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा प्रदेश कार्यालय के अलावा प्रदेश और मंडल स्तर पर भी किया जाएगा। साथ ही ₹नमो युवा रन₹ का आयोजन भी देशभर के 75 शहरों में किया जाएगा। झारखंड में यह आयोजन रांची, जमशेदपुर और धनबाद में होगा। शशांक राज ने कहा कि मैराथन दौड़ 21 सितम्बर को आयोजित होगी और प्रतिभागियों का पंजीकरण 20 सितम्बर तक किया जा सकेगा। इस मैराथन का उद्देश्य नशामुक्त झारखंड का संदेश देना है। रांची में मैराथन की शुरूआत मोराबादी स्थित बापू वाटिका से होगी और समापन जयपाल सिंह स्टेडियम में होगा। राज ने कहा कि युवा मोर्चा प्रधानमंत्री के संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस आयोजन से युवाओं में सेवा भाव, स्वस्थ जीवनशैली और नशामुक्त समाज का संदेश जाएगा। इस मौके पर नमो युवा रन का पोस्टर और विशेष टी-शर्ट का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, प्रिंस कुमार, रोमित नारायण सिंह, आइपीएल क्रिकेटर मोनू सिंह, नागपुरी अभिनेता रमन गुप्ता भी उपस्थित थे।

## राधाकृष्ण का संपूर्ण जीवन हिंदी कथा साहित्य को समर्पित रहा था

झारखंड के लब्ध प्रतिष्ठित कथाकार राधाकृष्ण का संपूर्ण जीवन हिंदी कथा साहित्य को समर्पित रहा था। उन्होंने जीविकोपार्जन के लिए खुद को कई धंधों से जोड़ने का भरसक प्रयास किया था, चाहे व्यापार अथवा प्राईवेट नौकरी हो, हर जगह असफल ही सिद्ध हुए थे। उनका मन अगर किसी काम में लगता था, तो बस सिर्फ और सिर्फ कथा लेखन में ही । सच्चे अर्थों में राधाकृष्ण झारखंड के एक ऐसे विलक्षण हिंदी के कथाकार थे, जिनकी कृतियां कालजई बन गईं। उनकी कालजई कहानी आज भी लोगों की जुबान पर होती हैं । उन्होंने हिंदी कथा साहित्य के माध्यम से समाज को झकझोरने का काम किया था। उन्होंने समाज को जगाने का काम किया था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जमकर लिखा। उन्होंने राजनीति में आई गिरावट और नैतिक मूल्यों के ह्रास पर भी जमकर लिखा। उन्होंने अपनी कहानियां में जिन मूल्यों और सिद्धांतों को स्थापित किया था, वे सदा उस पर चले भी थे । उनका जीवन गरीबी से शुरू होकर गरीबी में ही खत्म हुआ था। ऐसे थे राधा राधाकृष्ण। वे इस धरा पर 69 वर्षों तक रहे थे। वे जीवन के अंतिम क्षणों साहित्य सृजन में ही लग रहे थे।

राधाकृष्ण का जन्म रांची के अपर बाजार में 18 सितंबर, अनंत चतुर्दशी, 1910 को हुआ था। राधाकृष्ण के पिता मुंशी रामजतन कचहरी में मुंशी का काम करते थे। इनकी छह पुत्रियाँ थीं। उनके बाद राधाकृष्ण पैदा हुए। राधाकृष्ण जब चार साल के थे, पिता का निधन हो गया। घर में माँ और राधाकृष्ण ही बच गए। उन्होंने चार साल की छोटी उम्र में अपने पिता को खो दिया था। पिता के अकस्मात गुजर जाने के बाद घर की पूरी जवाबदेही मां और राधाकृष्ण के मासूम कंधों पर आ गया था। आप महसूस कर सकते हैं कि वह समय राधाकृष्ण के परिवार के लिए कितनी चुनौती पूर्ण था । जिस उम्र में बच्चें स्कूल जाना शुरू करते हैं, उस उम्र में राधाकृष्ण ने अपने पिता को खो दिया था। राधाकृष्ण ने अभाव और गुरबत की जिंदगी के बारे में लिखा कि 'उस समय हम लोग गरीबी के बीच से गुजर रहे थे। पिता जी मर चुके थे। घर में कर्ज और गरीबी छोड़ कुछ भी नहीं बचा था। न पहनने को कपड़ा और न खाने का अन्न। किसी प्रकार कुटौना-पिसौना करके माँ गरीब गुजारा चला लेती थी। पास-पड़ोस के लोग हम लोगों को तुच्छ समझते थे। अकसर हम लोगों की उपेक्षा-अवहेलना करके हमारा मजाक उड़ाना ही उन लोगों को पसंद था। खेलते समय हमजोली लड़के भी मुझसे घृणा करते थे। वे घृणा और उपेक्षा को ही अपना महत्व समझते। पर मेरे सामने ऐसे लड़के भी आए जो पढ़ने-लिखने में तो नहीं, पर प्रेम का जवाब प्रेम से दे सकते थे। वैसे मित्रों के साथ मटरगश्ती करना मुझे अच्छा लगता था। उन्हीं मित्रों के साथ रहकर मैंने बीड़ी पीना और पान के साथ जर्दा खाना सीख लिया था।'

राधाकृष्ण की उपरोक्त बातों से प्रतीत होता है कि उनका बचपन अभाव कई तरह की दुश्वारियां और चुनौतियों के बीच बीता था। उन्होंने जीवन के झंझावातों, दुश्वारियां और चुनौतियों से ही लिखना सीखा था। अगर उनके जीवन में चुनौतियां और दुश्वारियां न होते, तब शायद वे कथाकार बन पाते अथवा नहीं? कुछ ठीक से कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अपने जीवन के झंझावातों, दुश्वारियां और चुनौतियां के बीच रहकर जो अनुभव प्राप्त किया था, अपनी कहानियां में पिरोने का भरसक प्रयास किया था। परेश उनका बचपन इसी तरह घर और सड़कों पर बीता। उन्हें स्कूली शिक्षा ढंग से नहीं मिल पाई थी। लेकिन ऊपर बैठे विधाता को राधाकृष्ण को एक लेखक बनाने का मन था। विधाता ने उन्हें एक पुस्तकालय से जोड़ दिया, उनके अंदर का लेखक जागृत हो गया। पुस्तकालय में पढ़ने-लिखने का सिलसिला शुरू हो गया। वे बहुत ही अच्छे पाठक थे। उन्हें पुस्तक पढ़ना बहुत पसंद था। उन्होंने कम ही समय में पुस्तकालय में रखी गई महत्वपूर्ण पुस्तकों को पढ़ लिया था। उन्होंने जीविकोपार्जन के लिए कुछ दिन मुहर्रिरी सीखी।

### सूडोकु नवताल- 7555

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7554 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# त्रिदेव के आह्वान पर भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि की रचना की

विजय केसरी



समस्त सांसारिक वस्तुओं के अधिष्ठाता व निमार्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा से समस्त सांसारिक वस्तुओं के भोग करने का सुख प्राप्त होता है। उनकी आराधना से समस्त देवताओं की भी कृपा प्राप्त होती है। ब्रह्मांड की जन्मदात्री आदि देवी शक्ति स्वरूपा ने सृष्टि के संचालन हेतु अपने तेज से ब्रह्मा, विष्णु और महेश को उत्पन्न किया था। ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अवतरण के बाद त्रिदेव ने संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा का आह्वान किया था। त्रिदेव के आदेशानुसार ही भगवान विश्वकर्मा ने इस सृष्टि की रचना की थी। संसार में उपभोग होने वाली सारी समग्रियां भगवान विश्वकर्मा के हाथों ही निर्मित हुआ था। इसलिए हिन्दू धर्म ग्रंथो ने भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना है। हमारे हिंदू धर्म ग्रंथो में यह भी कथन है कि सोने की लंका महल का निर्माण भगवान विश्वकर्मा के ही कर कमरों से संपन्न हुआ था ।

हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान विश्वकर्मा की ऋद्धि, सिद्धि और संज्ञा नाम की तीन पुत्रियाँ थीं। जिनमें से ऋद्धि सिद्धि का विवाह भगवान चंद्रशेखर और माता पार्वती के सबसे छोटे पुत्र भगवान गणेश से हुआ था। भगवान विश्वकर्मा की सबसे छोटी पुत्री संज्ञा का विवाह महर्षि कश्यप और देवी अदिति के पुत्र भगवान सूर्यनारायण से हुआ था । यमराज , यमुना , कालिंदी और अश्वनीकुमार इनकी ही संताने हैं। भगवान विश्वकर्मा, ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अंश से उत्पन्न हुए थे। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को त्रिदेव की शक्तियों का एक पूंज भी कहा जा सकता है। भगवान विश्वकर्मा पलक झपकते ही एक नूतन सृष्टि की भी रचना कर सकते हैं। इसलिए हर वर्ष 18 सितंबर को संपूर्ण देश में बड़े ही धूमधाम के साथ विश्वकर्मा पूजा मनाई जाती है । इस दिन छोटे-बड़े तमाम वाहनों की पूजा की जाती है। इसके साथ ही छोटे-बड़े उद्योगों में बड़े ही श्रद्धा भाव से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। कई प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा मूर्ति स्थापित कर पूजा की जाती है। इस दिन कई उद्यम स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है। भगवान विश्वकर्मा की पूजा में सम्मिलित सभी भक्त गण कामना करते हैं कि उनके घर में सदा सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे। भगवान विश्वकर्मा की पूजा में सभी जाति, धर्म संप्रदाय और विचार के लोग सम्मिलित होते हैं। भगवान विश्वकर्मा की पूजा समस्त देशवासियों को एक सूत्र में बंधे रहने का भी संदेश देती है।

सर्वविदित है कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, वास्तुकला, औजार, शिल्पकला, मूर्तिकला एवं वाहनों समेत समस्त संसारिक वस्तुओं के अधिष्ठात्र देवता के रूप में आदिकाल से पूजित हैंऔर अनंत काल तक पूजित रहेंगे। भगवान विश्वकर्मा अपने सिंहासन पर विराजमान और अपने भक्तों से घिरे हुएअन्य नामविश्वकर्मा, देव शिल्पी, जगतकर्ता और शिल्पेश्वरनिवासस्थानविश्वकर्मा लोकअस्त्रकमंडल, पाश, प्रतीक औजारमाता-पितावास्तुदेव, अंगिरसी संतानबृहस्मति, नल-निल, संध्या, रिद्धि, सिद्धि और चित्रांगदात्यौहा विराजमान हैं। बीच में गरुड़ पर विराजमान विष्णु हैं, बाएँ ब्रह्मा हैं, तथा दायें तरफ भगवान विश्वकर्मा हैं। वेद को हिंदू धर्म का आदि ग्रंथ कहा जाता है। वेदों में भी भगवान विश्वकर्मा की चर्चा बहुत ही विस्तार से की गई है।

भगवान विश्वकर्मा के भक्तों को यह जानना चाहिए कि ऋग्वेद मे विश्वकर्मा सुक्त के नाम से ग्यारह ऋचाऐ लिखी हुई है। जिनके प्रत्येक मन्त्र पर लिखा है, ऋषि विश्वकर्मा ,भौवन देवता आदि। यही सुक्त यजुर्वेद अध्याय सत्रह, सुक्त मन्त्र सोलहा से इकतीस तक सोलहा मन्त्रो मे आया है । ऋग्वेद मे विश्वकर्मा शब्द का एक बार इन्द्र व सुर्य का विशेषण बनकर भी प्रयुक्त हुआ है। परवर्ती वेदों मे भी विशेषण रूप मे इसके प्रयोग अज्ञत नही है। यह प्रजापति का भी विशेषण बन कर आया है। पूर्ण परमात्मा ने इस संसार को बनाया है। उन्होंने माँ के गर्भ में भी हमारा पालन-पोषण किया। क्या उस परमात्मा की जगह हम अन्य देवी झ देवताओं को विश्व रचयिता कह सकते है, बिल्कुल नहीं।

भगवान विश्वकर्मा के गुणों की चर्चा करते हुए यह जानना जरूरी हो जाता है कि महाभारत के खिल भाग सहित सभी पुराणकार प्रभात पुत्र विश्वकर्मा को आदि विश्वकर्मा मानतें हैं। स्कंद पुराण प्रभात खण्ड के निम्न श्लोक की भांति किंचित पाठ भेद से सभी पुराणों में यह श्लोक मिलता है। यह श्लोक है,'बृहस्पते भगिनी भुवना ब्रह्मवादिनी।प्रभासस्य तस्य भार्या बसूनामष्टमस्य च। विश्वकर्मा सुतस्तस्यशिल्पकर्ता प्रजापतिः।'

एक कथा के अनुसार महर्षि अंगिरा के ज्येष्ठ पुत्र बृहस्पति की बहन भुवना जो ब्रह्मविद्या जानने वाली थी । वह अष्टम् वसु महर्षि प्रभास की पत्नी बनी और उससे सम्पुर्ण शिल्प विद्या के ज्ञाता प्रजापति विश्वकर्मा का जन्म हुआ। पुराणों में कहीं योगसिद्धा, वरस्त्री नाम भी बृहस्पति की बहन का लिखा है। शिल्प शास्त्र का कर्ता वह ईश विश्वकर्मा देवताओं का आचार्य है, सम्पूर्ण सिद्धियों का जनक है, वह प्रभास ऋषि का पुत्र है और महर्षि अंगिरा के ज्येष्ठ पुत्र का भानजा है। अर्थात अंगिरा का दोहिता है। अंगिरा कुल से विश्वकर्मा का सम्बन्ध तो सभी विद्वान स्वीकार करते हैं। जिस तरह भारत मे विश्वकर्मा को शिल्पशस्त्र का अविष्कार करने वाला देवता माना जाता हे और सभी कारीगर उनकी पुजा करते हे। उसी तरह चीन मे लु पान को बढइयों का देवता माना जाता है। प्राचीन ग्रन्थों के मनन-अनुशीलन से यह विदित होता है कि जहाँ ब्रहा, विष्णु ओर महेश की वन्दना-अर्चना हुई है, वही भनवान विश्वकर्मा को भी स्मरण-परिष्टवन किया गया है। 'विश्वकर्मा' शब्द से ही यह अर्थ-व्यंजित होता है। हमारे हिंदू धर्म ग्रंथो में एक बहुत ही लोकप्रिय श्लोक भगवान विश्वकर्मा के संबंध में दर्ज है, 'विशवं कृत्स्नं कर्म व्यापारो वा यस्य सः'। अर्थातः जिसकी सम्यक सृष्टि और कर्म व्यपार है, वह विशवकर्मा है। यही विश्वकर्मा प्रभु है। प्रभूत पराक्रम-प्रतिपत्र, विशवरुप विशवात्मा है।

हमारे वेदों में 'विशवतः चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वस्पात।' कहकर इनकी सर्वव्यापकता, सर्वज्ञता, शक्ति-सम्पन्ता और अनन्तता दशार्यी गयी है। हमारा उद्देश्य तो यहाँ विश्वकर्मा जी का परिचय कराना है। माना कई विश्वकर्मा हुए हैं और आगे चलकर विश्वकर्मा के गुणों को धारण करने वाले श्रेष्ठ पुरुष को विश्वकर्मा की उपाधि से अलंकृत किया जाने लगा हो तो यह बात भी मानी जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के अंतर्गत भी शिल्प संकायो, कारखानो, उद्योगों में भगवान विशवकर्मा की महता को प्रगत करते हुए प्रत्येक वर्ष १७ सितम्बर को श्वम दिवस के रूप मे मनाता हे। यह उत्पादन-वृदि ओर राष्टीय समृद्धि के लिए एक संकलप दिवस है। यह जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान नारे को भी श्वम दिवस का संकल्प समाहित किये हुऐ हैं।

भगवान विशवकर्मा जी की वर्ष मे कई बार पुजा व महोत्सव मनाया जाता है। जैसे भाद्रपद शुक्ला प्रतिपदा इस तिंथि की महिमा का पुर्व विवरण महाभारत मे विशेष रूप से मिलता है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की जाती है। यह शिलांग और पूर्वी बंगला मे मुख्य तौर पर मनाया जाता है। अन्नकुट (गोवर्धन पूजा) दिपावली से अगले दिन भगवान विश्वकर्मा जी की पुजा अर्चना (औजार पूजा) की जाती है। मई दिवस, विदेशी त्योहार का प्रतीक है। रुसी क्रांति श्रमिक वर्ग कि जीत का नाम ही मई मास के रुसी श्रम दिवस के रूप मे मनाया जाता है। 5 मई को ऋषि अंगिरा जयन्ति होने से विश्वकर्मा-पुजा महोत्सव मनाया जाता है भगवान विश्वकर्मा जी की जन्म तिथि माघ मास त्रयोदशी शुक्ल पक्ष दिन रविवार का ही साक्षत रूप से सुर्य की ज्योति है।

# भारत की आर्थिक रफ्तार पर वैश्विक मुहर



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर दुनिया की प्रमुख आर्थिक एजेंसियां इन दिनों जिस तरह के अनुमान जारी कर रही हैं, वे भरोसा दिला रहे हैं और इस तथ्य को पुष्ट करते हैं कि भारत आज वैश्विक ग्रोथ का केंद्र बन चुका है। हाल ही में फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी ग्रोथ दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया। यह पहले 6.5 प्रतिशत था। ऐसा कदम किसी भी देश के लिए बड़ी राहत और मजबूती का संकेत होता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़ोतरी उस समय आई है जब अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव को लेकर तमाम तरह की आशंकाओं के बीच फिर से दोनों नए सिरे से टैरिफ संवाद शुरू कर चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हों या उनके तमाम सहयोगियों के बयान जिनसे भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास हुआ, लेकिन लोगों ने उन पर भरोसा नहीं किया है। अब फिच की ओर से किया गया ये जीडीपी ग्रोथ दर का अनुमान संशोधन ट्रंप की टिप्पणी का करारा जवाब माना जा रहा है। वस्तुतः फिच का ताजा अनुमान भारत की आर्थिक सेहत की गवाही है। चालू वित?त वर्ष की पहली तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2025 में जीडीपी ग्रोथ 7.4 प्रतिशत रही। इसके बाद अप्रैल-जून तिमाही में यह और तेज होकर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह आंकड़ा फिच की पिछली भविष्यवाणी से कहीं बेहतर है। जून में एजेंसी ने 6.7 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान दिया था।

देखा जाए तो अब उसी को बढ़ाकर पूरे वित्त वर्ष के लिए 6.9 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि फिच ने यह भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ग्रोथ की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ सकती है। यही कारण है कि उसने 2026-27 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत और 2027-28 के लिए 6.2 प्रतिशत रखा है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी पूरी क्षमता से कुछ ऊपर चल रही है। फिच का कहना है कि घरेलू मांग में तेजी भारत की अर्थव्यवस्था को सहारा दे रही है। आय बढ़ने से लोग ज्यादा खर्च कर रहे हैं। कंपनियां निवेश कर रही हैं। बुनियादी ढांचे में भारी पूंजी डाली जा रही है। सेवा क्षेत्र और सूचना प्रौद्योगिकी लगातार नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। यही वजह है कि भारत फिलहाल दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

फिच से पहले एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर आश्वस्त करने वाला कदम उठाया था। एजेंसी ने लगभग 18 साल बाद भारत की सॉवरेन रेटिंग को बीबीबी माइनस से बढ़ाकर बीबीबी कर दिया। यह छोटा बदलाव नहीं है। इसका सीधा संदेश वैश्विक निवेशकों को गया कि भारत में राजनीतिक स्थिरता है, नीतियां निवेश के अनुकूल हैं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की कोशिशों में भी सफल है। किसी भी देश के लिए यह बड़ी उपलब्धि होती है जब तमाम दबावों के बीच भी उसकी रेटिंग सुधरती है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 प्रतिशत लगाया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि घरेलू खपत और मजबूत कृषि उत्पादन इसकी मुख्य वजह होंगे। दिलचस्प है कि फिच की रिपोर्ट में यह भी उम्मीद जताई गई है कि आरबीआई वर्ष के अंत तक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह निवेश और खपत दोनों को नई ताकत देगा।

वैश्विक संस्थाएं भी भारत को लेकर सकारात्मक हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2025-26 के लिए भारत की ग्रोथ दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। विश्व बैंक ने इसे थोड़ा कम करते हुए 6.3 प्रतिशत बताया है। एशियाई विकास बैंक का अनुमान 6.5 प्रतिशत है। मूडीज ने भी 6.3 प्रतिशत की ग्रोथ दर का आकलन किया है। दूसरी ओर, भारत सरकार की आर्थिक समीक्षा 2025 में कहा गया है कि वित्त वर्ष की वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। इन सबको मिलाकर देखें तो तस्वीर बेहद स्पष्ट है कि भारत में जीडीपी ग्रोथ बनी रहेगी। सभी एजेंसियां इस बात पर समान रूप से सहमत हैं कि भारत छह प्रतिशत से ऊपर की स्थिर और मजबूत वृद्धि हासिल करेगा।

फिच ने महंगाई पर भी उम्मीद जगाने वाले अनुमान दिए हैं। उसका मानना है कि 2025 के अंत तक महंगाई दर 3.2 प्रतिशत रहेगी जबकि 2026 के अंत तक यह 4.1 प्रतिशत तक जा सकती है। यह अनुमान भारत के उपभोक्ताओं के लिए राहत का संदेश है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर खाद्य और ईंधन की कीमतों में अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन भारत में भंडार पर्याप्त हैं और मानसून भी बेहतर है।

अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों वैश्विक एजेंसियों का भरोसा भारत पर बढ़ रहा है? दरअसल इसके पीछे कई वजहें हैं। सबसे पहली है घरेलू मांग। भारत की जनसंख्या विशाल है और लगातार आय बढ़ रही है। लोग उपभोग पर खर्च कर रहे हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था ने भी इसमें नई रफ्तार दी है। यूपीआई और अन्य भुगतान प्रणालियों ने खपत का नया ढांचा खड़ा किया है। दूसरी वजह है सरकार का बुनियादी ढांचे पर जोर। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश ने आर्थिक गतिविधियों को गति दी है। सेवा क्षेत्र और आईटी इंडस्ट्री ने भारत की वैश्विक छवि मजबूत की है। और सबसे बड़ी ताकत है युवा शक्ति होना और उसका संख्या बल। भारत की युवा शक्ति आज खपत बढ़ने के साथ ही उद्यमिता और नवाचार का भी केंद्र बनकर सामने आई है।

कुल मिलाकर भारत की आर्थिक कहानी उत्साहजनक है। यह ऐसी घड़ी है जब विकसित देश भी स्थिरता पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, भारत 6 से 7 प्रतिशत की मजबूत गति से बढ़ रहा है। यह स्थति वर्तमान भारत की अर्थिक ताकत दशार्ती है। कहना होगा कि आज भारत उस मोड़ पर आ पहुंचा है जहां वह न केवल अपनी जनता की आकांक्षाओं को पूरा करता है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा दे रहा है। वस्तुतः फिच, एसएंडपी, आईएमएफ, विश्व बैंक, एडीबी और मूडीज जैसी संस्थाओं की राय से एक बात तो स्पष्ट है कि यदि नीतिगत स्थिरता बनी रही और वैश्विक चुनौतियों से संतुलित ढंग से निपटा गया तो 2025-26 और आगे के वर्ष भारत की आर्थिक यात्रा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। ऐसे समय में जब बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संकटों से जूझ रही हैं, भारत का यह उभार हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

# यूं ही नहीं बनता कोई यशस्वी महानायक

कृष्णमोहन झा

भारत के यशस्वी महानायक नरेंद्र मोदी का आज जन्म दिवस है। प्रधानमंत्री की 75 वीं वर्षग्रंथि पर उन्हें हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं देने की मंशा से जब मैं अपने इस लेख की शुरूआत कर रहा हूं तब बरबस ही मुझे दिवंगत राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त की निम्नलिखित पंक्तियां याद आ रही हैं

जितने कष्ट कंटकों में है,
जिनका जीवन सुमन खिला।
गौरव -गंध उन्हें उतना ही
यत्र - तत्र - सर्वत्र मिला ।

नामुमकिन को मुमकिन बनाने की सामर्थ्य का वरदान देकर ईश्वर ने जिस महामानव को आज से तीन चौथाई शती पूर्व भारत की पावन धरा पर भेजा था उसने अपना सफर शून्य से शुरू किया और पृथ्वी पर अपने जीवन को सार्थक बनाने के संकल्प के साथ हिंदी के मूर्धन्य कवि स्व. श्री ब्रजराज पांडेय की निम्नलिखित पंक्तियों को अपने जीवन का आदर्श बना लिया -

कर्मवीर के आगे पथ का ,
हर पत्थर साधक बनता है,
दीवारें भी दिशा बतातीं में
जब मानव आगे बढ़ता है।

विधाता ने बालक नरेन्द्र को दिए गए वरदान की पात्रता सिद्ध करने के लिए बचपन से ही उसके इम्तहान लेना शुरू कर दिए लेकिन बेहद गरीबी के दिनों में भी उस मासूम बालक ने कभी हार नहीं मानी । पग पग पर उसे भयावह मुसीबतों का सामना करना पड़ा लेकिन उसके बालमन में तो मानों सुप्रसिद्ध गीतकार नीरज की इन पंक्तियों ने वह अटूट साहस और आत्मविश्वास कूट कूट कर भर दिया था जो आगे चलकर उसके जीवन में आश्चर्यजनक उपलब्धियों का मूल मंत्र बन गया-

कांटों कंकड़ भरी डगर हो,
या प्याले में भरा जहर हो,
पीड़ा जिसकी पटरानी है,
उसको हर मुश्किल मरहम है।

बालक नरेन्द्र ने जब युवावस्था में प्रवेश किया तो तन मन धन से मातृभूमि की सेवा करने का संकल्प



ले लिया और अपने इस पुनीत संकल्प को पूरा करने के लिए नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए और आज भी खुद को सबसे पहले संघ का स्वयं सेवक कहलाना पसन्द करते हैं। नरेंद्र मोदी कहते हैं कि संघ में मिले संस्कारों ने ही आज उन्हें उस मुकाम तक पहुंचाया है जहां कोटि कोटि जनता के हृदय सम्राट के रूप में उनकी पहचान बन चुकी है। आज वे देश के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता माने जाते हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में जो करिश्माई लोकप्रियता अर्जित की है उसे चुनौती देने का साहस समकालीन किसी राजनेता में नहीं है। नरेंद्र मोदी ने उल्लेखनीय उपलब्धियों के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अपने साहसिक फैसलों से नामुमकिन को मुमकिन बनाने में उन्होंने समय समय पर जो ऐतिहासिक सफलताएं अर्जित की हैं उनसे विपक्ष भी दांतों तले अंगुली दबाने के लिए विवश हुआ है। पिछले ग्यारह वर्षों में केंद्र सरकार ने अनेकों ऐसे फैसले लिए हैं जो प्रधानमंत्री की अद्भुत इच्छा शक्ति के परिचायक हैं। अयोध्या विवाद का शांतिपूर्ण समाधान, तीन तलाक कानून की समाप्ति और संविधान में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद का निष्प्रभावी करण इसी श्रेणी में रखे जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के फैसलों ने यह साबित कर दिया है कि वे उनके लिए महिलाओं, किसानों और युवाओं के हित सर्वोपरि हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की कतार में अग्रणी स्थान पर प्रतिष्ठित करने का जो सुनहरा स्वप्न संजोया है उसके साकार करने के लिए वे प्राणपण से जुटे हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने एक बार विनोद के लहजे में कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी न तो खुद सोते हैं,न ही अपने सहयोगियों को सोने देते हैं। एक कहावत है कि ₹लीक छोड़ तीनों चलें शायर सिंह सपूत₹ , मां भारती के अनन्य सपूत नरेंद्र मोदी की विलक्षण कार्यशैली पर यह कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। वे किसी की लकीर को छोटा करने के लिए खुद बड़ी लकीर खींचने में विश्वास रखते हैं। उनकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने विश्व के बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्षों को भी उनके निकटतम मित्र परिवार में शामिल कर दिया है। आज अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मोदी की राय अहम साबित होती है। मोदी जब भारत के साथ शरारत करने वाले पड़ोसी देशों को कठोर सबक सिखाने की ठान लेते हैं तो दुनिया भारत के पक्ष में आ खड़ी होती है। यही मोदी होने के मायने हैं । मोदी के प्रेरक व्यक्तित्व के इन्हीं दुर्लभ गुणों ने उन्हें यशस्वी महानायक बनाया है। इस लेख के अंत में मैं यह जिक्र अवश्य करना चाहूंगा कि मोदी के बहुमुखी व्यक्तित्व की खूबियों को उजागर करने वाली जो दो पुस्तकें मैंने अतीत में लिखी थीं वे यशस्वी मोदी और महानायक मोदी शीर्षक से ही प्रकाशित हुईं थीं। तब मेरे अनेक मित्रों ने कहा था कि दोनों किताबों के इससे बेहतर शीर्षक नहीं हो सकते थे।

(लेखक यशस्वी मोदी महानायक मोदी किताब के लेखक है)

### सूडोकु नवताल- 7555

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7554 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

एक नजर

## नाबालिक के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिक लड़की के अपहरण मामले में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार छोटी कोदरजन्ना निवासी भगवान यादव का पुत्र अनमोल यादव उर्फ अमोल यादव को अपहरण मामले में पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया है। मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे ने बताया कि नाबालिक लड़की के अपहरण को लेकर उनके घर वाले ने थाना में 93/25 केस दर्ज कराया था। जहां त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल,सिल्ली में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम की विशेषता एक संवादात्मक टॉक शो रहा,जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तनाव और साथियों के दबाव से निपटने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। विद्यार्थियों ने कविताओं और भाषणों के माध्यम से जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला,वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता द्वारा आशा और सकारात्मकता का संदेश दिया।इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं सफल क्रियान्वयन में शिक्षिका शुभांगी और शिक्षक जुनैद ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।उनकी योजना और सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत सार्थक और प्रेरणादायी बन सका। शिक्षकों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से संवेदनशीलता एवं संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने आत्महत्या जागरूकता विषय पर अपने विचार कविताओं,भाषणों तथा गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किए। यह सप्ताह सफलतापूर्वक जागरूकता, करुणा एवं आत्महत्या रोकथाम के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देने में सार्थक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या बी. शरण के विशेष संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्म-मूल्य एवं साहस को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि अनेक समस्याओं को जन्म देने का कारण है।




संक्षिप्त खबरें

## विश्वकर्मा पूजा आज



**सरिया :** जगत के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की पूजा बुधवार को की जाएगी। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। जगह-जगह भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की पूजा की जाएगी। इसके लिए भव्य पंडाल बनाए गए हैं। राज मिस्त्री, शिल्पकार, इंजीनियर, मैकेनिक, कारीगर आदि भगवान विश्वकर्मा की पूजा को लेकर मंगलवार को नहाए खाए किए। पूजा स्थलों की साफ-सफाई की। पूजन सामग्री की खरीदारी भी की गई। सरिया प्रखंड क्षेत्र में पावर ग्रिड, शक्ति उप केंद्र, मोटर कामगार यूनियन,टैक्सी स्टैंड, वेंडर, टेंपो स्टैंड,मशीनरी दुकान वाहनों के शोरूम आदि में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति पूजा को लेकर विशेष साज-सजा तथा तैयारी की गई है। लोगों की माने तो भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के पहले वास्तुकार, अभियंता और दिव्य निर्माण के अधिपति के रूप में जाने जाते हैं। इनकी पूजा करने से लोगों के रोजगार में सफलता तथा निर्विघ्नता पूर्वक कार्य की सिद्धि होती है।

## जिला प्रभारी एवं ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नरेश साहू के नेतृत्व में हुई बैठक



**अनगड़ा :** सेवा पखवाड़ा जिला रांची के पतराहातु मंडल मे जिला प्रभारी एवं ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष नरेश साहू के नेतृत्व में बैठक रखा गया उन्होंने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक का सभी तरह कार्यक्रम का विगीगत जानकारी दिए और सफल बनाने के लिए बोले इस कार्यक्रम में महामंत्री रविंद्र कुमार वर्मा ने भी अपना विचार विमर्श प्रगट किये साथ में कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार साहू जी ने भी अपना विचार दिए पतराहतु मंडल अध्यक्ष भागवत महतो एवं सभी कार्यकर्ता गण ने अपना-अपना विचार रखे इस कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष वासुदेव प्रसाद महतो पूर्व मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर कुम्हार, राजेंद्र कोयरी हरेंद्र नाथ प्रमाणित रामचंद्र महतो नरेश चंद्र महतो गुलाब महतो अशोक चंद्र पोद्दार वरुण कुमार हाजरा लक्ष्मी नारायण प्रमाणित राजेंद्र महतो मानिक चंद्र महतो रंजीत महतो धीरज महतो रविंदर प्रमाणित सुरेन प्रमाणित मिथिलेश कुमार प्रमाणित कुमारी पूजा महतो महिला मोर्चा अध्यक्ष बिंदेश्वरी देवी रामदेवी भारती देवी कैलाश महतो मनीष कुमार प्रमाणिक एवं सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## पटमदा में हिंदी दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गय




**पटमदा :** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में हिंदी दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक सुबोध प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने हिंदी की संवैधानिक स्थिति से लेकर वर्तमान परिदृश्य तक विस्तार से विचार रखे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कवि हरिवंश राय बच्चन की प्रसिद्ध कविता कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती का पाठ करते हुए हिंदी की बढ़ती तकनीकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर कक्षा 11वीं की एक छात्रा ने मधुर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि महेश द्विवेदी ने प्रभावी कविता पाठ किया। कार्यक्रम में अभिजीत पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ और शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक हिंदी के महत्व को आत्मसात किया।

## आगुईडांगरा में ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब करीब सैकड़ों परिवार प्रभावित



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के पटमदा पंचायत के आगुईडांगरा गांव के सहिस पाड़ा में कई दिनों से एक सौ केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से गांव के सैकड़ों परिवार अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि विभाग को सूचित करने के बाद भी कोई समाधान नहीं दिख रहा हैं। बड़े त्यौहार दुर्गा पूजा में यदि यही स्थिति रही तो काफी समस्या उत्पन्न होगी। ग्रामीणों का कहना हैं कि मुखिया परमेश्वर सिंह को भी मामले से अवगत करवाया गया है।

## घोषडीह फुटबॉल मैदान के पास झाड़ी में असमाजिक तत्वों ने फेंका खाली बोतल



**पटमदा :** बामनी के टोला घोषडीह में स्थित फुटबॉल मैदान में सोमवार की रात असमाजिक तत्वों ने शराब के खाली सैकड़ों बोतल मैदान के किनारे झाड़ी में फेक दिया।जिससे मैदान में प्रैक्टिस करने वाले युवाओं को काफी समस्या होगी।गांव के सुशील बेसरा,समीर टुडू,बीरबल मुर्मू,अरुण चंद्र मुर्मू आदि ने विरोध जताते हुए प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है।

## चास नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं के त्वरित निदान की मांग

**बोकारो :** दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ जैसे प्रमुख त्योहारों को लेकर चास नगर निगम क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग करते हुए आज झामुमो का एक प्रतिनिधि मंडल अधिकारियों से मिला। इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व चास नगर समिति झामुमो के अध्यक्ष प्रमोद तापड़िया ने किया। प्रतिनिधियों ने निगम क्षेत्र में सड़कों, जलनिकासी व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक समस्याओं को तुरंत द्रुतगति से हल करने की मांग रखी ताकि त्योहारों के दौरान जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से चास नगर सचिव भगीरथ शर्मा, उपाध्यक्ष बम पांडे, दिनेश यादव, सुखबिंदर सिंह, सोमनाथ घोष, मागा राम दे, पिंटू पासवान, दीपक बंसल, पंकज सिंह, अभिजीत सरकार, रूपेश केजरीवाल, अक्लु मांझी सहित कई झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने बताया कि यदि जल्द ही नगर निगम स्तर पर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आगामी दिनों में स्थानीय नागरिक आंदोलन का सहारा ले सकते हैं।

## विश्वाकर्म पूजा व दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**बड़कागांव :** प्रखंड के सिकरी ओपी थाना में विश्वाकर्म पूजा एवं दुर्गा पूजा त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।अध्यक्षता थाना प्रभारी राम कुमार राम ने किया। बैठक में थाना प्रभारी राम कुमार राम ने शांति समिति के सदस्यों से दोनों ही त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया।और आगे कहा कि किसी भी तरह के अफवाहों से बचें।और किसी भी तरह की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा। साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से त्योहार मनाने में कहां-कहां कठिनाई आ सकती है या आती है उक्त बारे में भी जानकारी हासिल किया। कहा कि किसी भी परिस्थिति में प्रशासन को खबर करें।तत्काल प्रशासन आपका सहयोग करेगा।थाना प्रभारी राम कुमार राम ने कहा कि यहां सभी धर्म के लोग शांतिपूर्ण त्यौहार मनाते हैं यह बहुत बड़ी उपलब्धी है। यही आशा और विश्वास है कि यह संबंध आगे भी बना रहे।उन्होंने विश्वाकर्म पूजा और दुर्गा पूजा पर्व को लेकर कहा कि सभी जनप्रतिनिधि विसर्जन के दिन विशेष ध्यान रखें। बैठक में गर्रीकला मुखिया हितनारायण साव ने कहा कि सीकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत की सभी धर्म के लोग जागरुक एवं शिक्षित हैं पूर्वज से मिलजुल कर त्यौहार मनाते आ रहे हैं और निश्चित तौर पर यह दोनों त्यौहार भी आपस में एक दूसरे को सहयोग करते हुए मिलजुल कर मनाएंगे। और इतिहास को कायम रखेंगे।

# उषा मार्टिन के कर्मचारियों को मिलेगा 27100 रुपये का बोनस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा/रांची :** उषा मार्टिन में काम करनेवाले कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए 27100 (सताईस हजार एक सौ रुपये) बोनस के रूप में मिलेंगे। वित्तीय वर्ष 24-25 की बोनस समझौता वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में यह निर्णय लिया गया। यह समझौता कंपनी के प्रबंधन एवं कामगारों के मान्यता प्राप्त संगठन इंजीनियरिंग मजदूर सभा, उषा बेल्ट्रान वर्कर्स यूनियन एवम उषा इसमाइल इंजीनियरिंग मजदूर सभा के बीच कई दौर की वार्ता के बाद संभव हुआ है। समझौता के पश्चात मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों की ओर से अध्यक्ष रामटहल चैधरी ने कहा कि प्रतिस्पर्द्धा के दौर में भी प्रबंधन ने मजदूर हित को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने सभी कामगारों का आहवान किया है कि वे मिलकर कारखाने के विकास में काम करें। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसबीएन शर्मा ने बोनस समझौता होने पर संतोष जताया है। प्रबंधन का कहना है कि अब कारखाना के सभी कामगार कंधा से कंधा मिलकर चले, उत्पादन, गुणवत्ता एवं औद्योगिक विकास के लिए सभी अपना योगदान दे, ताकि कंपनी को शीर्ष पर पहुंचाया जा सके। उषा मार्टिन प्रबंधन और इंजीनियरिंग मजदूर सभा, उषा बेल्ट्रान वर्कर्स यूनियन एवम उषा इसमाइल इंजीनियरिंग मजदूर सभा के संयुक्त तत्वाधान में यह समझौता संपन्न हुआ। प्रबन्धन की ओर से एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसबीएन शर्मा, एचआर हेड एन०एन०झा, पर्सनल डिपाटमेंट के वरीय अधिकारी मनीष राज, विवेक प्रभाकर और थॉमस वर्गीस तथा सुमित कुमार ने इस समझौता वार्ता में प्रतिनिधित्व किया।

USHA MARTIN

# ओजोन परत संरक्षण दिवस पर उसुलाइन विद्यालय के बच्चों की प्रभात फेरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड में 16 सितंबर 2025 को ओजोन परत संरक्षण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मंगलवार को उसुलाइन उच्च विद्यालय, कुंडली में विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी की शुरूआत विद्यालय परिसर से हुई, जो कुण्डली सिमलढाब चौक होते हुए रक्सी तक गई और फिर पुनः विद्यालय लौटकर सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर जोसेफिन भेंगरा, सभी शिक्षकगण, उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राएँ, अरूप्पे आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फादर जैकब हेम्ब्रम तथा गांव की मांझी गोगो भी शामिल हुईं। बच्चों ने फेरी के दौरान जोरदार नारे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके नारे– "पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ", "प्रकृति है तो भविष्य है", "ओजोन परत बचाओ, पृथ्वी को सजाओ" सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। विद्यालय प्रशासन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण छोड़ना जरूरी है।



## गिद्धौर ने सेवाल करमा को हराकर जीता फुटबॉल टूर्नामेंट



**इटखोरी :** इटखोरी प्रखण्ड के टोनाटाड में आयोजित चौहान क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट सोमवार रात्रि में सम्पन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में गिद्धौर टीम ने सेवाल करमा को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मुकेश कुमार पासवान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक और शारीरिक मजबूती के लिए जीवन में खेल बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेल सामूहिक एकता का प्रतीक है।

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग–825301
Email Id&dsehazaribagh4@gmail

सूचना

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–13/2023 के आलोक में झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगित परीक्षा 2023 के आधार पर सहायक आचार्य संवर्ग अंतर्गत इन्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5 पद के सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का जिला स्तर पर काउंसिलिंग कराये जाने हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड, रांची के ज्ञापांक–1490, दिनांक–30.07.2025 द्वारा दिशा–निर्देश प्राप्त है।

उक्त प्रतियोगिता के सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची एवं काउंसिलिंग हेतु जांच पत्रक जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribagh.nic पर दिनांक–16.09.2025 को अपलोड किया गया है।

संबंधित अनुशंसित अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि काउंसिलिंग हेतु उक्त जांच पत्रक को अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribagh.nic से डाउनलोड कर अपने हस्तलिपि में स्वंय द्वारा सुस्पष्ट अक्षरो में अंकित कर तथा शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय/टेट प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी प्रमाण पत्र जो जांच पत्रक में वांछित है, की स्वअभिप्रमोणित छाया प्रति जांच पत्रक के साथ क्रमानुसार सजाकर फोल्डर/कवर फाईल में (02 प्रति में) दिनांक–18.09.2025 को क्रम संख्या–2319 से 2435 तक एवं दिनांक–19.09.2025 को क्रम संख्या–2436 से 2546 पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक डायट, हजारीबाग (झील रोड) में जांच पदाधिकारी/कर्मी के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थिति की संपूर्ण जवाबदेही स्वंय अभ्यर्थी की होगी। काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि दिनांक–18.09.2025 एवं दिनांक–19.09.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक काउंसिलिंग हेतु समय निर्धारित किया जाता है। उक्त के पश्चात काउंसिलिंग के संदर्भ में किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थी काउंसिलिंग के समय शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक जाति/आवासीय/टेट प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र जो जांच पत्रक में वांछित है, की मूल प्रति भी फोल्डर फाईल में जांच हेतु अपने पास अवश्य रखेंगे। जांच पत्रक के साथ इस आशय का भापथ पत्र संलग्न करेंगे कि जमा किये जाने वाले सभी प्रमाण पत्र सही है तथा भविष्य में जांच के क्रम में यदि फर्जी पाया जाता है तो विभाग बिना सूचना के नियुक्ति समाप्त करते हुये आवश्यक विभागीय/न्यायिक कार्रवाई कर सकेगा तथा ली गई राशि एक मुश्त सरकारी खजाने में जमा करेंगे।

काउंसिलिंग हेतु प्रतिनियुक्त जांच पदाधिकारी/कर्मी आयोग द्वारा प्राप्त फोल्डर एवं अभ्यर्थी द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों का मिलान सुक्ष्मता से करना सुनिश्चित करेंगे।

अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की सूचना हेल्पलाईन नम्बर 06546–265957 पर प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
उप विकास आयुक्त, हजारीबाग

PR.NO.362143 School Education and Literacy(25-26):D

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची
के निर्देशानुसार
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा द्वारा आयोजित

"मध्यस्थता राष्ट्र के लिए"

मध्यस्थता क्या है और इसका उद्देश्य क्या है -
मध्यस्थता (Mediation) एक स्वैच्छिक (Voluntary), पक्ष केन्द्रित (Party-Centric) वार्ता प्रक्रिया है, जिसमें एक निश्पक्ष तृतीय पक्ष, जिसे मध्यस्थ (Mediator) कहा जाता है, विशेष संवाद और वार्ता की विधियों का उपयोग करके पक्षकारों को उनके विवाद सुलझाने में सहायता करता है।
इसमें यह निर्णय पक्षकार स्वयं लेते हैं। वे समझौता करना चाहते हैं या नहीं समझौते की शर्तें भी वही तय करते हैं। यह निर्णय मध्यस्थता का नही होता है। जब समझौते की शर्तों पर दोनों पक्ष हस्ताक्षर कर देते हैं और मध्यस्थ भी उस पर हस्ताक्षर करता है तो वह समझौता अदालत की आदेश की तरह बाध्यकारी और लागू करने योग्य हो जाता है। मध्यस्थता में साक्ष्य प्रक्रिया के नियम लागू नहीं होते बातचीत गोपनीय होती है और बिना पुर्वाग्रह के आधार पर होती है। यदि मध्यस्थता में समझौता नहीं हो पाता तो पक्षकार हमेशा अदालत या पंच के पास वापस जा सकते हैं।
मध्यस्थता क्यों चुनें -
विवादों का निश्चित समय सीमा के भीतर शीघ्र आसान और प्रभावी समाधान।
अदालत की तुलना में लागत प्रभावी लचीला और अनौपचारिक प्रक्रिया
मध्यस्थता में हुई चर्चाएँ गोपनीय रहती हैं।
आपसी संबंधों में सुधार एवं उन्हें पुनः स्थापित करने में सहायक।
मध्यस्थता ऑनलाईन या आमने सामने दोनों तरीकों से की जा सकती है।
पक्षकारों को आपसी सहमति से शर्तें तय करने का अवसर
चर्चा के दौरान दिये गये प्रस्ताव बिना पूर्वाग्रह माने जाते हैं।
समझौता पूरी तरह से स्वैच्छिक सहमति से होता है।
मध्यस्थ के समक्ष हुआ समझौता कानूनन बाध्यकारी और लागू करने योग्य होता है जैसे कि डिक्री/पंचाट
मुकदमेबाजी के तनाव से बचाता है और सभी पक्षकारों के लिए लाभकारी होता है।

मध्यस्थता की चरणबद्ध प्रकिया–
पहला चरण– पक्षकारों के अनुरोध पर न्यायालय किसी मामले को मध्यस्थता हेतु भेज सकता है। प्रारंभ में मध्यस्थ व्यक्ति सभी पक्षकारों के साथ बैठक करता है और मध्यस्थता की प्रकिया समझाता है वह बताता है कि यह प्रकिया स्वैच्छिक एवं गोपनीय है। एक बार जब शर्ते तय हो जाती हैं तो दोनों पक्षकार हस्ताक्षर करते हैं और कानूनी रूप से मानने के लिए बाध्य होते हैं इस चरण में पक्षकार आपने विवाद के कारणों को भी संक्षेप में बताते हैं।
दूसरा चरण– इसके बाद मध्यस्थ आमतौर पर प्रत्येक पक्ष से अलग अलग मिलकर बातचीत करता है ताकि सीधे टकराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। मध्यस्थ पक्षकारों की बातों को ध्यान से सूनता है और उनकी वास्तिविक इच्छाओं और समस्याओं को समझने की कोशिश करता है तथा समझौते के विकल्प तलाशता है। अलग अलग बैठक करने से पक्षकारों की मान प्रतिश्ठा भी बची रहती है।
तीसरा चरण– मध्यस्थ एक पक्ष के दृश्टिकोण और प्रस्ताव को दूसरे पक्ष तक पहुँचाता है। किसी भी कठोर शब्द को कोमल शब्दों में व्यक्त करता है। दांनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए नये विकल्प विकसित करने के लिए पक्षों का मार्गदर्शन करता है और गतिरोध से बचाता है।
चौथा चरण– जब पक्षों के बीच उनकी संतुश्टि और कानून के अनुसार मौखिक समझौता हो जाता है तो मध्यस्थ समझौते को लिखित रूप में प्रस्तुत करता है और उस पर मध्यस्थ द्वारा हस्ताक्षर किये जाते हैं इसलिए यह कानूनी रूप से बाध्यकारी और लागू करने योग्य होता है।

मध्यस्थता के लिए कौन जा सकता है–
कोई भी व्यक्ति कंपनी या समुह जो विवादों/संभावित विवादों से बचना या उन्हें सताप्त करना चाहता है मध्यस्थता उचित विवादों की सूचि निम्नलिखित है :–
• वाणिज्यिक विवाद, उपभोकता विवाद
• वैवाहिक या पारिवारिक विवाद, चेक वापसी
• अनुबंध आधारित कार्य और भुगतान से संबंधित विवाद
• प्रसारण और दूरसंचार संबंधित विवाद
• रोजगार या कार्यस्थल से जुड़े विवाद
• किरायेदार या संपति विवाद, कुछ विशेश अपराधिक विवाद
मध्यस्थता के लिए कहाँ, कब और कैसे जायें–
कहाँ– सिमडेगा न्यायालय से संबंध मध्यस्थता केन्द्र या सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा (दूरभाश– 916525299949) या न्यायालय द्वारा निर्देशित किसी अन्य मध्यस्थता संस्था के पास
कब और कैसे– मुकदमा के लंबित रहने के दौरान,न्यायालय या मध्यस्थ के समक्ष मुकदमे में पक्षकार किसी भी स्तर पर मध्यस्थता के लिए जाने के लिए सहमत हो सकते हैं और न्यायालय से अनुरोध कर सकते हैं कि मामले को न्यायालय से संबद्ध मध्यस्थता केन्द्र या संस्था या किसी प्रतिश्ठित मध्यस्थ के पास मध्यस्थता के लिए भेजा जाय।

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा
एम० अर्शी, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा
श्रीमती कंचन सिंह, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा
श्री राजीव कुमार सिन्हा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जि० वि० से० प्रा०, सिमडेगा

PR 362088 (Simdega)25-26*D
निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

# एक चिकित्सक के भरोसे ईचागढ़ सीएचसी, तिरुलडीह पीएचसी पूरी तरह डॉक्टर विहीन, शासन-प्रशासन मौन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के दावों की पोल ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और तिरुलडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीनी हकीकत खोल रही है। दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी है। स्थिति इतनी बदतर है कि ईचागढ़ सीएचसी में केवल एक चिकित्सक के भरोसे पूरे प्रखंड का इलाज चल रहा है, जबकि तिरुलडीह पीएचसी पूरी तरह से चिकित्सक विहीन हो चुका है।



**ईचागढ़ सीएचसी में 44 स्वीकृत पद, 36 खाली**

ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 44 स्वीकृत पद हैं, लेकिन इनमें से 36 खाली पड़े हैं। यहां कामकाज महज 7 कर्मचारियों के सहारे चल रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि पूरे केंद्र में सिर्फ एक चिकित्सक और एक दंत चिकित्सक मौजूद हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में उन्हें मजबूरन निजी अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है, जिससे कई बार मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

**तिरुलडीह पीएचसी में डॉक्टर शून्य, सिर्फ 3 नर्सों पर जिम्मेदारी**

कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल और भी गंभीर है। यहां 11 स्वीकृत पदों में से 7 खाली हैं। स्थिति तब और बिगड़ी जब यहां पदस्थापित एकमात्र चिकित्सक डॉ. हरेंद्र सिंह मुंडा को 7 अगस्त 2025 को ईचागढ़ सीएचसी में प्रतिनियुक्त कर दिया गया। उसके बाद से पूरा केंद्र केवल तीन नर्सों के भरोसे चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर न होने के कारण साधारण बीमारी तक का इलाज भी मुश्किल हो गया है।

**ग्रामीणों की गुहार, अस्पताल में डॉक्टर दें दो सरकार**

समय पर इलाज न मिलने से कई बार गंभीर मरीजों को जान से हाथ धोना पड़ सकता है। मजबूरी में उन्हें रांची और जमशेदपुर के निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जो न तो सभी के लिए आसान है और न ही सस्ता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि तुरंत दोनों केंद्रों पर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की पदास्थापना की जाए, ताकि लोगों को गांव-घर पर ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

# डीसी की अध्यक्षता में समाज कल्याण एवं कल्याण विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग एवं कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में डीसी ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं द्वारा कई केंद्रों के नियमित रूप से नहीं खोले जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी सेविकाएं प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से संचालित करें। जो



सेविकाएं अनुपालन में लापरवाही बरतेंगी, उन्हें सेवा से मुक्त करने की अनुशंसा की जाएगी। निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कर केंद्रों का हैंडओवर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया।बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर एप, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, कन्या दान योजना एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, अत्याचार अनुदान, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, बिरसा मुंडा आवास योजना, जाहेरस्थान एवं कब्रिस्तान की घेराबंदी, धुमकुड़िया हाउस, मांझी थान, शहीद ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, एमपीसी एवं पीएमएजीजीवाई योजना की प्रगति का मूल्यांकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, कार्यपालक अभियंता प्रमोद आनंद, बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएँ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शहर के होटलों एवं हॉस्टल में नियमावली अनुपालन हेतु की गई जांच



**साहिबगंज :** शहरी क्षेत्र में बिना अनुज्ञप्ति संचालन किए जा रहे विवाह भवन, बैक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण अनुज्ञप्ति नियमावली 2013 के अनुपालन की समीक्षा हेतु आज जांच अभियान चलाया गया। इस जांच में सचिव जिला विधिक सेवा विश्वनाथ भगत, कार्यपालक दण्डाधिकारी प्रमोद आनन्द तथा नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में झग्रीन होटल, आवासीय होटल, संत जेवियर अंग्रेजी हॉस्टल, संत जेवियर हिंदी हॉस्टल, साहिबगंज कॉलेज हॉस्टल, अंबेडकर हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। त्रुटि पाए गए स्थानों पर अधिकारियों द्वारा 24 घंटे के अंदर सुधार करने का निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि में सुधार नहीं करने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### डीडीसी ने बरहरवा प्रखंड में बाढ़ से हुए फसल नुकसान की ली जानकारी



**साहिबगंज :** जिले के उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने मंगलवार को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित पंचायतों बिशनपुर, मधुवापाड़ा, हस्तीपाड़ा, आगलोई, श्रीकुंड, दरियापुर, बिनोदपुर आदि का भ्रमण कर बाढ़ से प्रभावित हुई फसल एवं अन्य संसाधनों के नुकसान का जायजा लिया गया। बरहरवा प्रखंड कार्यालय आकर बीडीओ कक्ष में प्रभावित पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर बरहेट स्थित गुमानी बैराज से पानी के नियमित मात्रा में बहाव न करने से हुए फसल नुकसान आदि अन्य वस्तु स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। दरियापुर के मुखिया मो इश्तियाक ने बिशनपुर पंचायत के नक्सीमल, दरियापुर पंचायत के कांकजोल, बिनोदपुर पंचायत, श्रीकुंड पंचायत आदि में हुए नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, पूर्व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अशोक दास, मुखिया काबिल अहमद, सुमित चौबे आदि मौजूद थे।

### जमीन विवाद में हुई मारपीट में चार लोग गंभीर घायल, तीन रेफर



**साहिबगंज:** जिला के राधानगर थाना क्षेत्र के जंगल पाड़ा, पूर्वी उधवा गांव में मंगलवार को जमीन में पिलर गाड़ने को लेकर विवाद में एक पक्ष के चार लोग मारपीट में बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रेजाउल शेख 28 वर्ष, रेशुउद्दीन शेख 45 वर्ष, एहसान शेख 35 वर्ष, और आफीफा खातून का पड़ोसी के द्वारा घर बनाने का काम कराया जा रहा था। इसी बीच इन लोगों के द्वारा जमीन पर जबरदस्ती पिलर गाड़ने की कोशिश कर रहा था जिसका विरोध करने पर वाद विवाद होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा चारों घायलों का इलाज किया गया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी गई अल्बेंडाजोल टैबलेट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के एन आरपी सेंटर विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी सह डीसी हेमंत सती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अल्बेंडाजोल टैबलेट आईपी-400 का सेवन कराया गया। डीसी ने स्वयं बच्चों को दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और इस अवसर पर मौजूद सभी बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से नियमित रूप से कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दवा सेवन कराने की अपील की।उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके कारण बच्चों में कुपोषण, खून की कमी, थकान व पढ़ाई में मन न लगने जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। ऐसे में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह बच्चों के समग्र विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डीसी ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, शिक्षकों एवं उपस्थित अभिभावकों को बच्चों में स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर अभिभावक का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को समय पर यह दवा अवश्य दिलवाएँ, ताकि वे स्वस्थ रहकर पढ़ाई और जीवन में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, स्वास्थ्य विभाग की टीम, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## बागुनहातु चौक पर शराब दुकान खोले जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने विधायक से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत घनी आबादी वाले बागुनहातु चौक पर शराब की दुकान खोलने से स्थानीय निवासियों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। महिलाओं, बच्चों और युवाओं पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका को लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने विधायक पूर्णिमा साहू से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं और दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की। लोगों की चिंता को गंभीरता से लेते हुए जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को पत्र लिखकर दुकान को आबादी क्षेत्र से दूर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। विधायक पूर्णिमा साहू ने




अपने पत्र में उल्लेख किया है कि शराब दुकान खुलने से महिलाओं और बच्चों को इसके पास से गुजरने में असुरक्षा का माहौल महसूस हो रहा है। महिला विश्वविद्यालय के सामने शराब दुकान का होना शिक्षा के वातावरण और सुरक्षा की दृष्टि से बिल्कुल उचित नहीं है। इसके कारण महिलाओं के साथ छेड़खानी और अन्य असामाजिक गतिविधियों की संभावना बढ़ सकती है, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ सकती है। विधायक ने यह भी कहा कि दुकान के पास ही जैप-6 का कार्यालय और बेस कैंप है, जिस पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। साथ ही, आसपास की निजी कंपनियों में कार्यरत अस्थायी मजदूरों में शराब सेवन की प्रवृत्ति बढ़ने से उनके परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति खराब होने का खतरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान खुलने से समाज का वातावरण बिगड़ेगा और युवाओं के साथ परिवारों का भविष्य भी प्रभावित होगा। वहीं, विधायक पूर्णिमा साहू ने जिला प्रशासन से तुरंत संज्ञान लेकर इस दुकान को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है।

## मासिक अपराध गोष्ठी सह समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गयाः माह अगस्त में प्रतिवेदित एवं निष्पादित कांडों की विस्तृत समीक्षोपरांत लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु सभी थाना/ओपी प्रभारी को निर्देशित किया गया। विश्वकर्मा पूजा को शांति पूर्ण रूप से मनाने एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान सभी सुरक्षा एतिहात बरतने का निर्देश दिया गया। आगामी दुर्गा पूजा 2025 को शांति पूर्ण रूप से मनाने हेतु शांति समिति की बैठक करने, सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, प्रतिमा विसर्जन मार्ग को सेनेटाइज करने के साथ ही सभी धार्मिक स्थलों पर सुरक्षात्मक उपाय करने, सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने, भीड़ भाड़ वाले पूजा पंडालों में शरारती तत्वों पर ड्रोन से निगरानी रखने एवं शांति भंग करने वाले अपराधियों/शरारती तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कारवाई करने का निर्देश दिया गया। आने वाले पर्व त्यौहार के मद्देनजर पेट्रोलिंग टीम को मुस्तैदी के साथ गश्त करने तथा गश्त के दौरान दफ्ड्डी स्कैन करने का आदेश दिया गया। अवैध खनिजों के उत्खनन/परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स के साथ नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। नशामुक्ति/ मानव तस्करी / साईबर अपराध/महिला अत्याचार/सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रत्येक माह स्कूल/कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाने का आदेश दिया गया। बढ़ते सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन समय एवं स्थान बदल बदल कर नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर चालक का हेलमेट/ सिटबेल्ट/ रजिस्ट्रेशन/ इंश्योरेंस इत्यादि की जांच करने तथा ड्रंकन ड्राईव के विरुद्ध नियमित रूप से जांच अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों का भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की जानकारी के संबंध में लिखित परीक्षा ली गई जिसमें उत्कृष्ट प्राप्तांक लाने वाले पुलिस पदाधिकारी को पुरस्कृत किया गया।

## ढोल बजा कर कालाजार प्रभावित गांव मे ग्रामीणों को आईआरएस छिड़काव को लेकर किया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंगलवार को को सुबह 9 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाँझी के अंतर्गत कालाजार प्रभावित गाँव बाँझी संथाली में आईआरएस द्वितीय चक्र कीटनाशी छिड़काव का शुरूवात सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान साहिबगंज, स्टिफन मुर्मू जिला कार्यकरणी समिति सदस्य झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं बांझी पंचायत मुखिया के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाते हुए रैली निकाल कर किया गया। जिसमे सिविल सर्जन,जिला कार्यकरणी समिति सदस्य झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं बांझी पंचायत मुखिया के द्वारा ढोल बजा कर पुरे गाँव मे ग्रामीणों को रैली के माध्यम से छिड़काव से सम्बंधित जागरूक करते हुए लोगों को घर के सभी कमरों, गौशाला, बरामदा आदि जगहों मे छिड़काव करवाने का संदेश दिए। साथ ही ग्रामीणों को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखने, प्रत्येक दिन मच्छरदानी लगा कर सोने, ताजा और गर्म खाना खाने, पानी को उबाल कर



ठंडा कर पीने, किसी को भी बुखार होने पर तुरंत अपने सहिया दीदी या एमपीडब्ल्यू से संपर्क कर अपना खून की जाँच करवाने, किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़-फुक,ओझा-गुनी, जड़ी-बूटी के चकर में ना पड़ने आदि की सलाह दिए। साथ ही छिड़काव कार्य का निरक्षण किए एवं उपस्थित सभी एमपीडब्ल्यू एवं छिड़काव कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी घरों मे गुणवत्तापूर्ण छिड़काव कराने को कहा गया। मौके पर डॉ. सत्ती बाबू डबडा जिला वीबीडी सलाहकार, बिष्णु कुमार भगत बीपीएम, सभी एमपीडब्ल्यू, सभी एसएफडब्ल्यू, एफडब्ल्यू, सहिया साथी, सहिया आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# भारतीय स्टेट बैंक वेल्थ हब का उद्घाटन और वित्तीय समावेशन शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारतीय स्टेट बैंक के बोकारो स्टील सिटी शाखा परिसर में एसबीआई वेल्थ हब का उद्घाटन किया गया। झारखंड नेटवर्क के महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल के कर कमलों द्वारा वेल्थ हब का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर धनबाद अंचल के उपमहाप्रबंधक विजय कुमार और बोकारो के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विवेक चंद्र जायसवाल ने कहा कि वेल्थ हब का उद्देश्य ग्राहकों को उच्च स्तरीय व्यक्तिगत बैंकिंग, निवेश परामर्श एवं सम्पत्ति प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना है। उच्च-नेट-




वर्थ वाले ग्राहकों को उनकी विशिष्ट बैंकिंग और वित्तीय आवश्यकताओं के लिए प्रीमियम सेवाएं प्रदान की जाएंगी। विभिन्न फंड हाउसों के सर्वश्रेष्ठ उत्पाद और सेवाओं के साथ आधुनिक एवं समग्र वित्तीय समाधान भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक 'हर भारतीय का बैंक' है और इसे चरितार्थ भी करता है। एक ओर जहां प्रीमियम सेवाओं के लिए वेल्थ हब का उद्घाटन हुआ वहीं आमजन को बैंकिंग सेवाओं का सहभागी बनाने की दिशा में तुपकाडीह के तांतरी पंचायत में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल, उपमहाप्रबंधक विजय कुमार और सहायक महाप्रबंधक राजेश कुमार दीपक द्वारा किया गया। दक्षिणी तांतडी. मुखिया शांति देवी, खुटरी मुखिया लीलावती देवी और चीरागोडा.उप मुखिया मंजू देवी ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। उन्हें के वाई सी का पुनः सत्यापन,जन-धन खाते खोलने, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग, निष्क्रिय खातों का सक्रियण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा योजना करने के साथ सरकार के विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी गई। बोकारो के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सदैव अपने ग्राहकों को सेवाएँ उपलब्ध कराने और समाज के सभी वर्गों तक बैंकिंग सुविधाएँ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वेल्थ हब का उद्घाटन और वित्तीय समावेशन शिविर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम निरंतर प्रयासरत हैं कि बैंकिंग सेवाएं देश के हर नागरिक तक पहुंचे तथा हर हाथ को वित्तीय सशक्तिकरण का लक्ष्य साकार हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### जर्जर पुलिया को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक को किया जाम





**बरहेट:** बरहेट प्रखंड क्षेत्र के भैरोढाब गांव मे एनटीपीसी फरक्का-ललमटिया एमजीआर लाइन पर भैरोढाब गांव के फुट ओवर ब्रिज के जर्जर पुल को दुरुस्त करने की मांग को लेकर सुबह सात बजे से ग्रामीणों ने ट्रैक को जाम कर दिया है। वही इसको लेकर कोयला ढुलाई सात घंटे से जाम है। जानकारी के अनुसार भैरोढाब गांव के ग्राम प्रधान बासुकी मुर्मू के साथ गांव के मांझी मुर्मू, श्रीम मुर्मू सहित अन्य ग्रामीण की उपस्थिति मे जर्जर पुलिया को दुरुस्त करने की मांग को लेकर सुबह 7:00 बजे से ही एमजीआर ट्रैक को जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि 20 वर्षो से अधिक पुराने पुलिया के जर्जर होने से यहां के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। वही हरिश्चंद्रपूर, भैरोढाब के लोगों को मुख्य सड़क तक आने के लिए एक मात्र रास्ता है, जर्जर होने के कारण पूर्व में कई दुर्घटना भी हुई है। पुलिया के निर्माण में पूर्व में भी एनटीपीसी के पदाधिकारी से बात हुई थी पर अब तक कोई पहल नहीं हुआ। वही मामले को लेकर एनटीपीसी के इंजीनियर इंचार्ज शराफत हुसैन भैरोढाब गांव पहुंचकर लोगों से वार्ता कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि यहां पर ढलाई वाला पुलिया का ही निर्माण कराया जाए। तब जाकर आंदोलन समाप्त किया जाएगा। इस दौरान पोल संख्या 40/14 के पास एक कोयला लदी ट्रेन फरक्का से ललमटिया कोयला ला रही थी जो सुबह से रुकी हुई। एनटीपीसी के वरीय अधिकारी जाम को हटाने तथा ग्रामीणों को समझाने में जुटे हुए हैं।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बरहेट:** थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। वही बैठक की अध्यक्षता बीडीओ-सह-सीओ अंशु कुमार पांडे ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने दुर्गा पूजा कमेटी को सरकारी गाइडलाइन के तहत नियमों का पालन करने की अपील की गई ,तथा कई दिशा निर्देश दिए। वही पूजा तथा मेले के दौरान डीजे तथा अश्लील गाना पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया गया। बीडीओ अंशु कुमार पांडेय ने बताया कि पूजा पंडाल में सीसीटीवी के निगरानी में होगी तथा सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रहेगा। मौके पर उत्पल दत्ता, विकास भगत, कुमार के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

### मुंडी पहाड़ उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन का स्थिति जर्जर, दुर्घटना को दे रहे हैं निमंत्रण



**साहिबगंज:** जिला के तालझारी प्रखंड के करणपुरा पंचायत के अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मुंडी पहाड़ विद्यालय की स्थिति दयनीय है। यहां आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के लोग रहते हैं। अपने बच्चे के प्रति पढ़ाई की जिज्ञासा रखते हैं लेकिन मूलभूत सुविधाओं से बच्चे वंचित हैं, सरकार ने भले ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया हो। बच्चों का मौलिक अधिकार के साथ बच्चों को अनिवार्य शिक्षा मिले इसको लेकर सरकार के द्वारा बच्चों को नि:शुल्क पुस्तक, मध्यान भोजन, स्कूल ड्रेस, विद्यालय विकास अनुदान राशि, शिक्षण अधिगम सामग्री, बच्चे खेल खेल में पढ़े, लेकिन यहां के बच्चे को सारी सुविधाओं से वंचित रह रहे हैं। ये कैसी नीति है, और विद्यालय में सारी सुविधाओं मिल रहे हैं। वहीं शिक्षकों को प्रशिक्षित कर नई शिक्षा नीति व्यवस्था की गई सिर्फ बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। सर्व शिक्षा अभियान की बात करें तो सबको शिक्षा एक समान, सही में आनंदायी शिक्षा का सही तरीके किया है बच्चों कैसे पढ़ाना चाहिए ये सीखना चाहिए, यहां के बच्चों को सारी सुविधा मिले तो एक दिन न एक दिन आदर्श विद्यालय का निर्माण में अहम भूमिका निभाने में शिक्षक सफल प्रयास जरूर रहेगा। यहां तो बच्चे के साथ शिक्षक भी निराश देखने को मिल रहा है। सरकार के द्वारा दोहरा नीति क्यों बनाई गई है वही ग्रामीणों का कहना है कि यहां तो शिक्षक प्रति दिन ससमय आते हैं और शिक्षक बच्चों के शिक्षा के प्रति समर्पित प्रेरणादायक शिक्षक मिले हैं, शिक्षा प्रति लगनशील है,यहां के बच्चों को हर तरह का सरकारी सुविधा का लाभ मिले तो शिक्षा से वंचित कोई भी बच्चा नहीं रहेगा। यहां तो विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है कभी भी कोई बड़ी घटना, दुर्घटना घट सकती है बच्चे के लिए भय बना रहता है। अब तो शिक्षक के कड़ी मेहनत से विद्यालय बनाना शुरू हो गया है। सिर्फ सरकार को ध्यान देने की जरूरत है सारी सुविधा बच्चों के लिए उपलब्ध कराया जाय।

### सड़क दुर्घटना मे एक युवक की मौत, दो घायल



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पचगावां मोड़ पर सोमवार देर शाम को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । मृतक की पहचान रोहित साव उम्र 19 वर्ष पिता जुगेश्वर साव ग्राम फुलवरिया, थाना नवलशाही निवासी के रूप में हुई है वहीं घायलों कि पहचान (1) कुंदन मेहता उम्र 19 वर्ष पिता श्रीकांत मेहता (2) सचिन मेहता ग्राम अरकोसा, थाना मरकच्चो निवासी के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर डोमचांच बाजार से फुलवरिया अपने घर आ रहा था इसी दौरान पचगावां मोड़ में अनियंत्रित होकर गिर गया। गिरने से तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों कि मदद से एक युवक को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गई और दो युवक को तिलैया निजी क्लिनिक ले जाया गया जहाँ प्रथमिकी उपचार के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची के मेदांता रेफर कर दिया गया है जहाँ कुंदन का स्थिति नाजुक बना हुआ है।

# बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पर नहीं लगेगा ब्याज

## कर्ज लौटाने का पीरिएड 5 से बढ़ाकर 7 साल किया गया, 4 लाख छात्रों को होगा फायदा



**पटना।** चुनावी साल में CM नीतीश सरकार ने छात्रों के लिए बड़ा ऐलान किया है। सरकार बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिए जाने वाले लोन पर अब ब्याज नहीं लेगी। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है।CM ने लिखा- 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए ब्याज रहित होगी।'साथ ही 2 लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों (5 साल) में वापस करने का नियम था, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम 84 मासिक किस्तों (07 साल) में और 2 लाख से ऊपर ऋण राशि को 84 मासिक (07 साल) किस्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक (10 साल) किस्तों में वापस करने का प्रावधान किया गया है।'बिहार सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण शैक्षिक ऋण योजना है, जिसका मकसद आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत छात्रों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि वे वित्तीय बाधाओं के कारण पढ़ाई बीच में न छोड़ें।योजना का नारा सभी के लिए शिक्षा है। 2 अक्टूबर 2016 को गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस योजना की शुरूआत की थी।चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की है। इनमें मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना भी शामिल है। जिसमें सरकार आर्थिक सहायता के रूप में सभी परिवारों की एक महिला को अपनी पसंद के रोजगार के लिए 10 हजार रुपए की राशि पहली किस्त के तौर पर देगी। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के 6 महीने के बाद उसका आकलन करते हुए जरूरत के अनुसार 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता दी जा सकेगी। 29 अगस्त को अपने पोस्ट के जरिए नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी दी थी। उद्योग के लिए बिहार सरकार मुफ्त में जमीन देगी नीतीश सरकार बिहार में उद्योग और निवेश को बढावा देने के लिए नए औद्योगिक पैकेज 2025 के तहत मुफ्त में जमीन देगी। 100 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली और 1000 से अधिक डायरेक्ट रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों को 10 एकड़ तक मुफ्त जमीन आवंटित की जाएगी। वहीं 1000 करोड़ से अधिक के निवेश करने वाली इकाइयों को 25 एकड़ तक भूमि दी जाएगी। 26 अगस्त को अपने पोस्ट के जरिए नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी दी थी। बिहार में शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल लागू नीतीश सरकार ने ऐलान किया है कि शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल लागू किया जाएगा। ये व्यवस्था ळफए-4 से ही लागू की जाएगी। नीतीश कुमार ने इसका ऐलान करते हुए पर लिखा था- 'नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं।' 'शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है।' 'यह TRE-4 से ही लागू किया जाएगा। वर्ष 2025 में TRE-4 एवं वर्ष 2026 में TRE-5 का आयोजन किया जाएगा। TRE-5 के आयोजन के पूर्व rTET का आयोजन करने का भी निदेश दिया गया है।' नीतीश सरकार ने बिहार में आशा और ममता कार्यकताओं का मानदेय बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री ने ऐलान करते हुए कहा था- आशा कार्यकताओं को अब 1 हजार रुपए की जगह 3 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही ममता कार्यकताओं को प्रति प्रसव 300 रुपए की जगह 600 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इससे उनका मनोबल और बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।' सरकार के इस फैसले से बिहार में 1 लाख आशा कार्यकताओं, 5 हजार आशा फैसिलिटेटर और 5 हजार से अधिक ममता कार्यकताओं को लाभ मिलेगा। जानकारी के मुताबिक, बिहार में करीब 1 लाख आशा कार्यकर्ता हैं। ऐसे में अगर एक आशा कार्यकर्ता के परिवार में 5 सदस्य होंगे, तो सरकार ने करीब 5 लाख परिवारों को सिर्फ टारगेट किया है।बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी बहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा।

# पुरानी हॉस्टल बिल्डिंग में तोड़फोड़, छात्रों ने स्कॉर्पियो फूंकी



**पूर्णिया।** के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों ने बवाल मचाया। पुरानी हॉस्टल बिल्डिंग में बाहरी तत्वों के अवैध कब्जे का एक दिन पहले विरोध जताया गया था। छात्रों के साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद आक्रोशित छात्र आक्रोशित हो गए।गुस्से में छात्रों ने बाहरी तत्वों की गाड़ी में आग लगा दी। दोबारा बाहरी तत्व मारपीट करने पहुंचे। जिसके बाद छात्रों ने पुरानी हॉस्टल बिल्डिंग में तोड़फोड़ की। जिसके बाद बाहरी तत्वों को कॉलेज कैंपस से भागना पड़ा। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें बाहरी तत्वों की गाड़ी जलती दिख रही है। कॉलेज परिसर में हंगामे की सूचना मिलते ही सदर एसडीओ पार्थ गुप्ता, के.हाट की पुलिस भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। मामले को शांत कराने में जुट गई है। घटना को लेकर छात्रों ने बाहरी तत्वों के खिलाफ आवेदन दिया है।मारपीट में कई छात्र घायल हो गए।आक्रोशित छात्रों ने बताया कि कॉलेज परिसर में पुरानी हॉस्टल बिल्डिंग है। नए गर्ल्स हॉस्टल बनने के बाद ये बिल्डिंग खाली पड़ी थी। पिछले 2 साल से इस बिल्डिंग पर बाहरी तत्वों का कब्जा है। बाहरी तत्वों ने 50 लड़कों को पुराने खाली पड़े हॉस्टल में शरण दे रखा है। वे इसके बदले उनसे 600 रुपए हर महीने किराया वसूलते हैं। ये हॉस्टल उनकी अय्याशी और नशे का अड्डा बन गया है। इसका विरोध कर रहे थे। सोमवार शाम अचानक बाहरी तत्व 10 की संख्या में पहुंचे। उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनकी ओर से अचानक ईंट और पत्थर चलने लगे। इसमें कई छात्र घायल हो गए.इसके विरोध में कॉलेज के सभी छात्र एकजुट हो गए। गुस्साए छात्रों ने बाहरी तत्वों की गाड़ी में आग लगा दी। जिसके बाद बाहरी तत्व भाग निकले। घटना की सूचना पाकर प्रिंसिपल और के.हाट थाना की पुलिस सोमवार देर शाम मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। आज फिर से बाहरी तत्व उनके साथ मारपीट करने हॉस्टल आ धमके। मगर छात्रों को जुटता देख उन्हें भागना पड़ा। इधर बाहरी तत्वों की मनमानी से गुस्साए हॉस्टल के छात्रों का गुस्सा दोबारा से भड़क उठा। गुस्साए छात्रों ने पुराने हॉस्टल में जमकर तोड़फोड़ की और हंगामा किया।कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजय कुमार ने बताया कि कॉलेज परिसर में बाहरी तत्वों के प्रवेश और मारपीट को लेकर छात्रों ने उन्हें आवेदन सौंपा था।

# गांधी मैदान से निकला भाजपा का चलो जीते हैं रथगांधी मैदान




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी मुहिम की शुरूआत कर दी। इसी के तहत आज राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से चलो जीते हैंअभियान के तहत रथों का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए रथों की एक साथ रवानगी की गई।इस दौरान गांधी मैदान में बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और मंत्री नितिन नवीन समेत पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहे।50 हजार स्थानों पर दिखाई जाएगी फिल्मकार्यक्रम के तहत राज्यभर के 50 हजार स्थानों पर लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन फिल्मों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन से जुड़े प्रसंग, गरीबी और संघर्ष के दौर की कहानियां व उनके नेतृत्व में हुए बदलावों को दिखाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इन फिल्मों के माध्यम से जनता को भावनात्मक रूप से जोड़ा जा सकेगा।

# बांका के धौनी स्टेशन पर पहली बार रुकी हमसफर एक्सप्रेस





**बांका।** में सोमवार की शाम 4:24 बजे धौनी रेलवे स्टेशन (रजौन) पर पहली बार गोड्डानई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस का ठहराव हुआ। इस ऐतिहासिक मौके पर स्टेशन मास्टर, लोको पायलट और गार्ड का फूल-मालाओं, अंगवस्त्र और मिठाई से भव्य स्वागत किया गया। प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर ढोल-नगाड़ों के बीच भारत माता की जय और भारतीय रेल के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने ट्रेन के साथ सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बनाया। वर्षों की मांग के बाद मिली सौगात धौनी स्टेशन पर अब तक लंबी दूरी की किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं था। स्थानीय लोगों द्वारा वर्षों से आंदोलन और धरना-प्रदर्शन कर मांग की जा रही थी। उसी का परिणाम है कि रेलवे ने फिलहाल तीन ट्रेनों–गोड्डारांची एक्सप्रेस, गोड्डानई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस और गोड्डाटाटानगर एक्सप्रेस–का ठहराव मंजूर किया है। सोमवार को हमसफर एक्सप्रेस और मंगलवार को टाटानगर एक्सप्रेस का ठहराव होगा।ठहराव के अवसर पर धौनी रेलवे संघर्ष समिति सहित प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद थे। सभी ने फूल-मालाओं और अंगवस्त्र के साथ ट्रेन का स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व स्टेशन परिसर में पौधारोपण भी किया गया। लोगों को टिकट कटवाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि स्टेशन से रेलवे का राजस्व बढ़े और ठहराव स्थायी हो सके। पहले ही दिन यात्रियों ने बढ़-चढ़कर टिकट खरीदा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस ठहराव से आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का आर्थिक व सामाजिक विकास होगा। दुकानदारों को भी व्यापार में लाभ मिलेगा। खुशी के बीच लोगों ने यह नाराजगी भी जताई कि अब तक क्षेत्र के लिए बेहद जरूरी कवि गुरु एक्सप्रेस का ठहराव स्वीकृत नहीं हुआ है। लोगों ने कहा कि अब 600 में स्लीपर क्लास में बैठकर दिल्ली तक यात्रा संभव हो सकेगी। धौनी स्टेशन पर पहली बार एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होना पूरे इलाके के लिए ऐतिहासिक क्षण है। मौके पर स्टेशन मास्टर संतोष भगत, राघवेंद्र सिंह, सिकंदर यादव, जीवन प्रसाद सिंह, प्रमोद सिंह वेलडन, विमलेंदु भूषण, प्रमोद कुमार सुमन, विजय साह, सत्यनारायण सिंह, विभूति भूषण पाठक समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

# पटना ऑनर किलिंग- किडनैपिंग के बाद हुई गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की हत्या



**पटना।** पुलिस ने धनरूआ में हुए ऑनर किलिंग मामले का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, लड़की के परिवार वालों ने महाकाल गैंग के साथ मिलकर बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड की हत्या की साजिश रची थी। दोनों की गला घोंटकर हत्या की गई, फिर लाश को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया।पुलिस ने इस मामले में राहुल कुमार (23), दीनबंधु कुमार (50) और मकान मालकिन राखी देवी (35) को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार राहुल और दीनबंधु महाकाल गैंग के सदस्य हैं।रविवार को सिटी rP (पूर्वी) परिचय कुमार कुमार ने बताया कि 'लड़की के चाचा सुनील कुमार ने घटना की साजिश रची थी। इसमें महाकाल गैंग के सदस्यों से मदद भी ली गई।लड़की और लड़का दोनों घर से भागकर रामकृष्णा नगर इलाके में 3 हजार रुपए में किराए पर घर लेकर छिपे थे। दोनों की हत्या मामले में मकान मालिक और मालकिन की भूमिका भी सामने आई है। इन दोनों ने सबूत मिटाने और छिपाने में मदद की है। मकान मालकिन राखी देवी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, मकान मालिक धर्मराज फरार है।'सिटी SP ने बताया कि लड़के की मां सुशीला देवी की शिकायत पर FIR दर्ज की गई, जिसमें 12 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इसमें अधिकतर लोगों की भूमिका सामने आई है।पुलिस के मुताबिक, एक कार और 3 बाइक से करीब 15 लोग आए थे। स्विफ्ट कार से लड़का-लड़की को अपहरण कर अपने साथ लेकर चले गए। रास्ते में कार के अंदर अपराधियों ने गला घोंटकर दोनों की हत्या कर दी। फिर हत्या को हादसे का रूप देने के लिए रेलवे ट्रैक पर शव को फेंक दिया।घर से भागने से पहले लड़का और लड़की ने रामकृष्णा नगर इलाके में किराए पर रूम ले लिया था। 7 सितंबर को घर से निकलने के बाद दोनों सीधे रूम पर आ गए थे। रामकृष्णा नगर में इन दोनों के साथ 11 सितंबर को मारपीट भी की गई।रअसल, शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड की बॉडी मिली थी। दोनों के शव 6 टुकड़ों में मिले थे। सिर, गर्दन और पैर अलग-अलग पड़े थे। पुलिस ने उस वक्त भी ऑनर किलिंग का मामला बताया था। पुलिस ने बताया था, दोनों की हत्या कर सुबह बॉडी ट्रैक पर फेंकी गई है। मर्डर को सुसाइड बताने की कोशिश की गई है।दादी लीला कुमारी ने 7 सिंतबर को पुलिस को दिए आवेदन में बताया था, '6 सिंतबर की रात साढ़े 7 बजे अपनी पोती को साथ लेकर शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान प्राथमिक स्कूल से 200 मीटर दूर 3 लोग बाइक से आए। वो हम दोनों के साथ गाली-गलौज करने लगे।मैंने मना किया तो हमारे साथ धक्का-मुक्की करने लगे।

# तालाब में डूबने से 4 साल के बच्चे की मौत

**बांका।** के धोरैया थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। महेशपुर के निवासी मोहम्मद शाहीन का 4 साल का बेटा समद तालाब के पास खेलते समय पानी में डूब गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।घटना उस समय हुई जब समद गांव में सड़क किनारे बने तालाब के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक तालाब में गिर गया। उस समय वहां कोई बड़ा व्यक्ति मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद एक बच्चे ने तालाब में डूबे समद को देखा और शोर मचाया।हैदराबाद से घर के लिए रवाना हुए पिता स्थानीय लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद बच्चे को तालाब से बाहर निकाला गया। उसे तुरंत धोरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर का बुरा हाल है। घटना की सूचना के बाद पिता हैदराबाद से घर के लिए रवाना हो गए है।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा समद के पिता हैदराबाद में मजदूरी करते हैं। उन्हें फोन पर इस दुखद घटना की सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में मातम का माहौल है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दीवार और शटर काटकर ज्वेलरी शॉप से चोरी





**जमुई।** के गरही थाना क्षेत्र स्थित कुड़वाटांड़ चौक पर एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। स्वर्ण व्यवसायी सूरज साह की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने दुकान की पिछली दीवार और शटर को काटकर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने दुकान से 85 हजार रुपए नकद, 100 ग्राम सोना और 9 किलो चांदी के साथ एलईडी समेत करीब 20 लाख रुपए का सामान चुरा लिया। खैरा प्रखंड के रहने वाले सूरज साह कुड़वाटांड़ चौक पर सोने-चांदी की दुकान चलाते हैं।घटना की सूचना मिलते ही गरही थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल से कई सैंपल एकत्र किए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के विरोध में पीड़ित व्यवसायी ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर अपनी नाराजगी जताई। इस चोरी की घटना से क्षेत्र के व्यवसायियों में भय का माहौल है।

# अनंत सिंह बोले- मैं एन.डी.ए. में शामिल हूं:मोकामा से लड़ूंगाविरोधियों की जमानत जब्त करवा दूंगा





**पटना।** के मोकामा में मंगलवार को NDA की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसे संबोधित करते हुए बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह ने कहा कि, 'मुझे जनता के बीच रहना पसंद है। मैं NDA का सदस्य हूं। कुछ लोग कहते थे कि मैं पार्टी में रहकर ही जीतूंगा, लेकिन मैंने उन्हें निर्दलीय जीतकर भी दिखा दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा, मोकामा विधानसभा क्षेत्र में खड़े होने वाले विरोधी पार्टी के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी। इसकी वजह है यहां की जनता मेरे साथ है। कार्यकर्ता सम्मेलन के मंच पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी, बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन समेत कई नेता मौजूद थे। बता दें मोकामा गोलीकांड में 6 अगस्त को रिहाई के बाद से ही अनंत सिंह जदयू की टिकट पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इसे लेकर उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जेडीयू के दूसरे नेताओं से भी मुलाकात की थी।कार्यक्रम में अशोक चौधरी और बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन सबसे पहले पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे अनंत सिंह मंच पर पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने छोटे सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए। अनंत सिंह के पहुंचने के 15 मिनट बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पहुंचे।कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर शहर में जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगाए गए थे। इस पोस्टर से खत्र MLC नीरज कुमार और भाजपा के स्थानीय नेता ललन सिंह की तस्वीरें गायब थी। हालांकि, कुछ स्थानीय नेता अनंत सिंह के NDA में शामिल होने का विरोध कर रहे थे। बता दें कि नीरज कुमार कई बार अनंत सिंह के विरोध में बयान दे चुके हैं। उन्होंने कहा था, अनंत सिंह पार्टी के सदस्य तक नहीं हैं टिकट मिलना तो बाद की बात है। 6 अगस्त को जेल से बाहर आए अनंत सिंहबाहुबली अनंत सिंह 6 अगस्त की शाम करीब साढ़े 4 बजे पटना की बेऊर जेल से बाहर निकले थे। 7 महीने बाद वे जेल से बाहर आए थे। जेल से बाहर निकलते ही अनंत सिंह ने कहा था- 'मैं नीतीश कुमार जी की पार्टी JDU से चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने बिहार का बहुत विकास किया है।''नीतीश जी अभी 25 साल और रहेंगे। कौन क्या कह रहा है उससे हमको मतलब नहीं है। विरोधी कभी किसी की तारीफ करते हैं क्या।'शर्तों के साथ कोर्ट ने दी जमानत6 अगस्त को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने उन्हें ये कहते हुए जमानत दी थी, 'मौजूदा साक्ष्यों और केस डायरी की समीक्षा के बाद यह पाया गया कि आरोपी को जमानत दी जा सकती है।'कोर्ट ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। जैसे अनंत सिंह को नियमित न्यायिक प्रक्रिया में उपस्थित रहना होगा और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहना होगा।मोकामा के पूर्व विधायक बाहुबली अनंत सिंह ने जेल से बाहर निकलते ही चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। तेजस्वी के खिलाफ बड़ा बयान देते हुए कहा था, 'नीतीश जी की पार्टी जदयू अगर तेजस्वी के खिलाफ मुझे उतारती है तो मैं नेता प्रतिपक्ष की जमानत जब्त करा दूंगा।'न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने दावा किया था, 'नीतीश कुमार नहीं होते तो बिहार नहीं होता। पहले बिहार की बुरी स्थिति थी। जिसके 4 बेटे दिल्ली में नौकरी करते थे उसका बाप भी बिहार में किडनैप हो जाता था।'चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'नीलम देवी चुनाव नहीं लड़ेंगी, हम लड़ेंगे। नीलम देवी ने बढ़िया काम नहीं किया है। एक बेटे को राजनीति में लाऊंगा। बेटा चुनाव लड़ेगा। मैं अनपढ़ आदमी हूं, मुझे मंत्री पद की जरूरत नहीं है। जेल जाने से मुझे कोई नुकसान नहीं हुआ।'

# वायरल संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे आपके बच्चे




इस मौसम में वायरल संक्रमण की आशंका काफी बढ़ जाती है। प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण खासकर बच्चे इसकी चपेट में सबसे ज्यादा आते हैं, लेकिन आप अपने बच्चे को इन संक्रमणों की चपेट में आने से वक्त रहते बचा सकते हैं। वायरल संक्रमणों में भी रोटावायरस और एंटरिक वायरल (आंत संबंधी संक्रमण) जैसी बीमारियां बड़ों की तुलना में बच्चों के लिए अधिक गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

बाल अवस्था के ज्यादातर वायरल संक्रमण ज्यादा गंभीर नहीं होते। इनमें सर्दी लगना, नाक बहना, आंखों से पानी निकलना, गले में खराश होना, बुखार होना, त्वचा पर चकत्ते पड़ना और उल्टी व दस्त जैसी विभिन्न बीमारियां शामिल हैं। व्यापक पैमाने पर चलाए गए टीकाकरण के चलते खसरा जैसे गंभीर खतरे पैदा करने वाली कुछ संक्रामक बीमारियां अब कम ही देखने को मिलती हैं।

## ...तो बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाएं

यदि आपके बच्चे में बीमारी के लक्षण एक सप्ताह से ज्यादा दिखाई दें, तो उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। यह शरीर की तरफ से स्पष्ट तौर पर वायरल संक्रमण के खिलाफ एक कॉल हो सकती है, जो न्यूमोनिया आदि जैसी गंभीर बीमारी में बदल सकती है। ऐसे समय में बच्चे का रक्त परीक्षण कराकर मलेरिया, डेंगू, टाइफॉइड, चिकनगुनिया, अर्बोवायरस आदि बीमारियों समेत संपूर्ण ब्लड काउंट अवश्य जांच लेना चाहिए। मौसम में बदलाव या भारी बारिश होने के दौरान अभिभावक अमूमन अपने बच्चों की अतिरिक्त देखभाल करते ही हैं, लेकिन यह जानना बेहद अहम है कि बच्चों को अन्य मौसम में भी अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है।

## बच्चों को सुरक्षित रखने के उपाय

**रूमाल की जगह टिश्यू पेपर रखें :** अभिभावक आमतौर पर अपने बच्चों की बहती नाक और मुंह बार-बार पोंछने के लिए सूती रूमाल अपने साथ रखते हैं। यह बेहद खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे बच्चे बार-बार संक्रमण के संपर्क में आते हैं। कपड़े के रूमाल की तुलना में भीगे मेडिकेटिड स्किनकेयर वाइप और टिश्यू पेपर त्वचा के लिए ज्यादा कोमल साबित होते हैं और इनकी सबसे अच्छी बात ये है कि इन्हें उपयोग करने के बाद आसानी से फेंका जा सकता है। अभिभावकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हाथों में चिपक जाने वाले हानिकारक विषाणुओं से बचाव के लिए नाक साफ करने के बाद हर बार तुरंत अपने हाथ पानी व साबुन की मदद से अच्छी तरह से धोएं। इतना ही नहीं बच्चों को पड़ोस या स्कूल में खेलते समय उन बच्चों से दूर रखना चाहिए, जो संक्रामक बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। अच्छी तरह हाथ धोने और नाखूनों की सफाई करते हुए उचित स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है।

## सफाई का ध्यान रखें

मच्छर, मक्खी, खटमल आदि हानिकारक कीटाणुओं एवं विषाणुओं के सबसे सक्रिय वाहक होते हैं। बच्चे इनका सबसे आसान निशाना होते हैं। मच्छरों से बचाव के लिए अपने आसपास पानी जमा नहीं होने दें। सुबह और शाम के समय बच्चों को घर से बाहर कम ही निकलने दें। अपने आस-पड़ोस में कूड़ा-कबाड़, बेकार कंटेनर और डिब्बे आदि जमा नहीं होने दें, क्योंकि इनमें ही मच्छरों का प्रजनन होता है।

## समय पर टीकाकरण

शिशुओं और बच्चों को जानलेवा संक्रमण और बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण सबसे अच्छा और प्रभावी तरीका है। इसके बावजूद माता-पिता इस पहलू की अनदेखी करते हैं। बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर ही अभिभावक उन्हें टीका लगवाने के लिए हॉस्पिटल ले जाते हैं।

डिफ्थीरिया, टेटनस, और हूपिंग कफ (काली खांसी), पोलियो (आईपीवी), रोटावायरस (आरवी), इन्फ्लुएंजा (फ्लू), खसरा, कंठमाला, रूबेला (एमएमआर) से बचाव के लिए बच्चे को शुरू से निर्धारित समय पर बीमारियों से संबंधित टीके अवश्य लगवाएं।

## प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करना

वायरल संक्रमणों से बचाव करने के लिए बच्चों के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करना सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। इसके लिए बच्चों को संतुलित खुराक के साथ पौष्टिक खाना दें। नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध सबसे अच्छा पौष्टिक भोजन होता है। ताजा फल और सब्जी हर उम्र के बच्चों के लिए आवश्यक होते हैं। पानी, दूध और फलों के जूस के जरिए बच्चों के शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखें। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हानिकारक सोडा, चिप्स, चॉकलेट और कुकीज जैसे खाद्य पदार्थ कम-से-कम दें। उनके खान-पान में दलिया एवं अनाज को प्रमुखता से शामिल करें, क्योंकि इनसे उन्हें बहुत सारे पोषक तत्व मिलते हैं।

## माता-पिता भी रखें अपना ध्यान

माता-पिता को वायरस से बचाव के लिए अपना भी ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि माता या पिता में से किसी एक को भी संक्रमण होने पर बच्चों के इसकी चपेट में आने की आशंका काफी बढ़ जाती है।

# रेसिपी



## दूध की सेवइयां

### सामग्री

- सेवई: ½ कप
- चीनी: ½ कप
- घी: 2 बड़े चम्मच
- काजू कतरे हुए: 8-10
- बादाम: 8-10
- इलायची: 4

### विधि

सबसे पहले काजू और बादाम छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद गैस पर एक कड़ाही चढ़ा लें। इसमें घी डालकर गर्म करें। घी गर्म होने पर इसमें सेवइयां डालकर उसे हल्का ब्राउन होने तक फ्राई करें। फिर उसमें कटे हुए बादाम और काजू डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर थोड़ी देर और फ्राई करें। हल्के फ्राई होने पर सेवइयों को एक सूखी प्लेट में निकाल लें। अब सेवइयों को मीठा करने के लिए चाशनी बना लें। इसके लिए एक गहरी तली वाला एक बर्तन लेकर उसमें पानी डाल दें। पानी के उबालने पर इसमें चीनी डालकर तब तक पानी को पकाएं। जब तक चीनी पानी में पूरी तरह से घुल नहीं जाती। जब चीनी पानी में घुल जाए तो इसमें भुनी हुई सेवइयां डालकर उसे ढक दें। सेवइयों को चाशनी में 5 मिनट तक मध्यम आंच पर पकने दें। इसके बाद इसमें इलायची पाउडर डालकर एक बार फिर अच्छे से 5 मिनट तक चलाते हुए मिक्स कर लें। 5 मिनट बाद गैस बंद करके सेवइयों को प्लेट से ढक दें। थोड़ी देर बाद सेवइयों को एक सर्विंग बाउल में निकालकर गरमा गरम सर्व करें।



## ओट्स की रोटी

### सामग्री

- ओट्स : ½ कप
- प्याज : ¼ कप
- होलव्हीट आटा : 1 कप
- धनिया : 1/ कप
- तेल : 1 टेबलस्पून
- चिली पाउडर : ½ टेबलस्पून
- नमक : 1 टेबलस्पून

### विधि

एक कटोरे में गेहूं का आटा लें। इसमें ओट्स, कटी हुई प्याज, धनिया, हरी मिर्च, नमक और तेल डालकर अच्छे से मिलाएं। थोड़ा सा पानी डालकर इसका मुलायम आटा अच्छी तरह से गूंथ लें। इसे ढक कर आधे घंटे के लिए रख दें। अब आटे की छोटी-छोटी लोई बना लें और सामान्य रोटी की तरह बेल लें। गर्म तवे पर इसे दोनों तरफ से अच्छे से सेक लें। आप चाहें तो इस पर तेल लगाकर भी सेक सकती हैं। अच्छी तरह सिकी गरमागरम और कुरकुरी ओट्स रोटी लो फैट दही के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 3653




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो -3652 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी पति (पत्नी को खुश करने के लिए बोला)– डार्लिंग! अब झगड़ा बंद भी करो, मैं शांति के साथ रहना चाहता हूँ।

पत्नी– हाँ-हाँ, तो जाओ ना। रहो तुम अपनी शांति के साथ...! मैं भी अब अपने रमन के साथ रहना चाहती हूँ।

□ □ □

प्रेमी (पत्नी से)– आज तुम्हें मेरा बाँसुरी बजाना बुरा लगता है, लेकिन एक दिन मेरे बाँसुरी बजाने पर ही रीझ कर तुमने मुझसे शादी की थी।


पत्नी गुस्से से बोली– हाँ... की थी, लेकिन बाँसुरी बजाने पर रीझ कर नहीं, बल्कि यह सोच कर शादी की थी कि जिस तरह तुम बाँसुरी में फूँक मारते हो, उसी तरह मेरे घर का चूल्हा भी अच्छी तरह फूँकोगे।

□ □ □

कवि (पत्नी से), "तुम्हे पता होना चहिए कि मैं वीर रस का कवि हूं और लोग मेरे बारे कहते हैं कि मैं अपनी कविताओं से संसार में आग लगा सकता हूं।"

पत्नी, अब अपनी प्रशंसा करना बंद करें और प्लीज जरा चूल्हे में आग जला दें।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3653



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3654



## सूडोकु -3653


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3652 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3653



**बाएँ से दाएँ**

1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली -3652 का हल



# महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना फिर से बनीं नंबर 1



**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़कर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है।

बाएं हाथ की इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज ने 63 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली और इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर वह स्थान फिर से हासिल कर लिया है जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया था। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है।

ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की और यह शानदार जीत उनकी खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी दिखाई दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी ने 74 गेंदों में नाबाद 77 रनों की पारी खेली जिससे वह तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गई। एनाबेल सदरलैंड अपनी नाबाद 54 रनों की पारी के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 25वें स्थान पर पहुंच गई। वह सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। फोएबे लिचफील्ड ने 80 गेंदों पर 88 रनों की पारी खेलकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी।

मंधना के अलावा ताजासाप्ताहिक अपडेट में जिन भारतीय बल्लेबाजों को फायदा हुआ है उनमें ऋचा घोष शामिल हैं जो अपनी 25 रनों की पारी के बाद 39वें से 36वें स्थान पर पहुंच गई हैं। सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल 96 गेंदों पर 64 रनों की पारी के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरलीन देओल 57 गेंदों पर 54 रनों की पारी के बाद पांच पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ और अलाना किंग क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सदरलैंड ने दो पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गई हैं। तीनों ने एक-एक विकेट लिया है। भारत की स्नेहा राणा पांच स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# भारतीय क्रिकेट टीम की मुख्य प्रायोजक बनी अपोलो टायर्स : बीसीसीआई




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि दिग्गज कंपनी अपोलो टायर्स भारतीय क्रिकेट टीम की नई मुख्य प्रायोजक बनी है। बोर्ड के अनुसार ओपोलो ने प्रमुख प्रायोजक के रूप में ड्रीम 11 की जगह ली है। ऑनलाइन गैमिंग पर प्रतिबंध के बाद ड्रीम 11 को प्रायोजक से हटना पड़ा था। बीसीसीआई और आपोलो टायर्स के बीच ढाई साल के लिए करार हुआ है ये मार्च 2028 तक रहेगा। इस करार के अनुसार, अपोलो टायर्स का लोगो सभी प्रारूपों में भारतीय पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों की जर्सी पर रहेगा।

बीसीसीआई ने कहा कि अपोलो टायर्स पहली बार भारतीय क्रिकेट से जुड़ा है। बोर्ड ने का कि कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद अपोलों को ये करार मिला है। ये साझेदारी प्रायोजन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है, जो भारतीय क्रिकेट की व्यापक और बढ़ती व्यावसायिक अपील को प्रदर्शित करती है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, अपोलो टायर्स का हमारे नए प्रायोजक के रूप में आना हमारी टीमों की कड़ी मेहनत और निरंतर प्रदर्शन को दिखाता है। हम भारतीय क्रिकेट में अपोलो के प्रायोजन को लेकर उत्साहित हैं, जो इस खेल की अद्वितीय पहुंच और प्रभाव को दिखाता है। यह एक व्यावसायिक समझौते से कहीं बढ़कर है। यह दो संस्थानों के बीच एक साझेदारी है, जिन्होंने लाखों लोगों का विश्वास और सम्मान हासिल किया है।

वहीं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, अपोलो टायर्स का हमारे नए प्रमुख प्रायोजक के रूप में स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह एक अहम अवसर है, जो भारत की दो सबसे शक्तिशाली और स्थायी विरासतों भारतीय क्रिकेट की अटूट भावना और अपोलो टायर्स की अग्रणी विरासत, को एक साथ ला रहा है। ये बीसीसीआई और टीम इंडिया के वैश्विक ब्रांड में बाजार के मजबूत विश्वास को दिखात है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी आपसी विकास और सफलता के लिए प्रेरक साबित होगी।

वहीं अपोलो टायर्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नीरज कंवर ने कहा, टीम इंडिया का प्रमुख प्रायोजक बनना हमारे लिए सम्मान की बात है।

# ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी करना बहुत बड़ा सम्मान: दलीप ट्रॉफी जीत के बाद बोले पाटीदार



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रजत पाटीदार ने इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को इंडियन प्रीमियर लीग का पहला खिताब दिलाया था और हाल ही में दलीप ट्रॉफी जीतने में सेंट्रल जोन की मदद की। पाटीदार का मानना है कि इस अनुभव ने उनकी नेतृत्व क्षमता में जबरदस्त विकास किया है। यह स्टार बल्लेबाज अब 30 सितंबर से शुरू हो रही ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में भारत ए की कप्तानी करते हुए इसी सीख का लाभ उठाना चाहता है।

पाटीदार ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ सीरीज के लिए भारत 'ए' टीम की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि यह मेरे और टीम के लिए एक शानदार मौका है कि हम अपनी क्षमता का प्रदर्शन करें और अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हों।'

उन्होंने कहा, 'एक तरह से यह साल मेरे लिए निजी तौर पर बेहद खास रहा है, क्योंकि मैदान पर मेरी क्षमताओं को पहचाना गया और मुझे पुरस्कृत भी किया गया। इसकी शुरुआत प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मध्य प्रदेश राज्य टीम की कप्तानी से हुई और ऋष्भ ने मुझे इस प्रतिष्ठित टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी। ट्रॉफी जीतना तो सोने पे सुहागा था और इस दौरान मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला जिसका मुझे आगे चलकर फायदा मिलेगा।'

पाटीदार ने आगे कहा, 'एक टीम के कप्तान के तौर पर यह इस बारे में है कि हम एक इकाई के रूप में कैसे एकजुट होते हैं और एक-दूसरे के लिए जान देने को तैयार रहते हैं। इस सीजन में RCB में हमारा यही सौहार्द और विश्वास था, जहां हम सभी ने एक-दूसरे के लिए कदम बढ़ाया और सफलता के लिए मिलकर काम किया। भारत 'ए' के खिलाफ होने वाले मैच में भी हम इसी तरह का रवैया अपनाना चाहेंगे। मैं उत्साहित हूं और नई चुनौती का इंतजार कर रहा हूं।'

# विश्व चैंपियनशिप में अब नीरज चोपड़ा पर निगाह, खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे




**तोक्यो (एजेंसी)।** भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा। नीरज चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा का उस दिन सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए स्वर्ण पदक जीतना आसान नहीं होगा लेकिन यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने 2021 में ओलंपिक स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था। चोपड़ा ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर थ्रो के साथ प्रतिष्ठित 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था, लेकिन अन्य प्रतियोगिताओं में इस साल इस भारतीय सुपरस्टार ने कुछ औसत दूरी भी तय की है। वह दो प्रतियोगिताओं में 85 मीटर की दूरी पार करने में असफल रहे थे। इस वर्ष उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो 88.16 मीटर था। फॉर्म के लिहाज़ से वेबर स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदार हैं। इस 31 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ने इस साल तीन बार 90 मीटर से ज्यादा की दूरी तक भाला फेंका है। पिछले महीने डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने के बाद वह आत्मविश्वास से भरे होंगे।

# आईसीसी ने मैच रैफरी को हटाने की मांग ठुकरायी, पीसीबी को करारा झटका

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को एशिया कप से हटाने की मांग ठुकरा दी है ।पीसीबी ने मैच रैफरी पर आचार संहित उल्लंघन का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि मैच रैफरी ने पाक कप्तान सलमान अली आगा से कहा था कि वह भारतीय कप्तान से हाथ नहीं मिलाये ।इस मैच में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली से हाथ नहीं मिलाया था। वहीं मैच खत्म होने के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था और ड्रेसिंग रूम का दरवाजा भी बंद कर लिया था ।इसी को पीसीबी ने अपने खिलाड़ियों की बेइज्जती माना है ।पीसीबी इस मामले की शिकायत आईसीसी से की थी और धमकी दी थी कि अगर मैच रैफरी को नहीं हटाया जाता है तो वह एशिया कप का बहिष्कार करेंगे। वहीं आईसीसी ने पीसीबी की उस अर्जी को खारिज कर दिया है ।एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी को बता दिया है कि मैच रैफरी को नहीं हटाया जाएगा ।पीसीबी, पाइक्रॉफ्ट की उस भूमिका से नाराज है, जिसमें उन्होंने सलमान को टॉस के दौरान भारतीय कप्तान से हाथ न मिलाने के लिए कहा था।

# अमन सहरावत अधिक वजन के कारण विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए आयोग्य हुए



जगरेब ।ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान अमन सहरावत वजन वर्ग में अधिक पाये जाने के कारण विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में भाग नहीं ले पायेंगे ।अहम को इसके लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है ।अमन ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा में कांस्य पदक जीता था। गौरतलब है कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार विश्व कप, यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए दो किग्रा तक ज्यादा वजन ही स्वीकार्य होता है पर विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसे टूर्नामेंटों में कोई राहत नहीं दी जाती है ।गौरतलब है कि तय मानक से अधिक वजन होने के कारण ही पेरिस ओलंपिक 2024 में विनेश फोगाट को खिताबी मुकाबले से ठीक पहले बाहर कर दिया गया था ।भारतीय दल के अनुसर अमन अपना वजन नियंत्रित नहीं रख पाये ।उनका वजन 1700 ग्राम ज्यादा था जो स्वीकार्य नहीं था।

# अभी दो बार फिर आमने-सामने का सकती हैं भारत-पाक टीम




दुबई ।एशिया कप में भारतीय टीम ने अपने दूसरे ही मैच में पाकिस्तान को एकतरफा मुकाबले में हरा दिया है ।भारतीय टीम ने पहले मैच में यूएई को हराया था ।इससे अब भारतीय टीम का सुपर फोर में पहुंचना तकरीबन तय हो गया है ।भारतीय टीम को आगे भी पाक से दो मैच खेलने पड़ सकते हैं ।भारतीय टीम को 19 सितंबर को अबुधाबी में अपना आखिरी लीग मैच ओमान से खेलना है ।इस मुकाबले को भारतीय टीम अगर जीत ले और पाकिस्तान अपने अंतिम लीग मैच में यूएई को हरा दे तो फिर भारत और पाकिस्तान की टीमें एक बार फिर 21 सितंबर को सुपर फोर मैच में आमने-सामने आ सकती हैं ।इसका कारण है कि एशिया कप ग्रुप ए की शीर्ष दो टीमों के सुपर फोर मैच उसी दिन खेले जाने हैं ।सुपर फोर मैच में भारत और पाकिस्तान की टीमें फिर दुबई में खेल सकती हैं ।वहीं अगर भारत और पाकिस्तान की टीमें अगर सुपर फोर मैच में शीर्ष 2 में रहती हैं तो ऐसी स्थिति में 28 सितंबर को फाइनल में एक बार फिर इन्हें खेलना पड़ सकता है ।.दोनो ही टीमें अभी ग्रुप ए की अंकतालिका में पहले और दूसरे नंबर पर हैं ।भारतीय टीम के दो मैचों से चार अंक हैं वहीं पाकिस्तान के दो मैचों में दो अंक हैं। भारत ने जहां पहले मैच में यूएई वहीं पाक ने ओमान को हराया।

# ऑस्ट्रेलिया खिलाफ सीरीज में वापसी करना चाहेगी भारतीय टीम




**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** इसमें कोई शक नहीं कि असली परीक्षा यहीं से शुरू होगी। पहले वनडे में आठ विकेट से शानदार जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम एक और सीरीज जीत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। भारत के खिलाफ पिछले दस मुकाबलों में से नौ में जीत, और कुल 57 में से 47 में जीत। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो चैंपियन होने का प्रमाण देता है।

भारत को नजरअंदाज मत कीजिए। वे पहले मैच में भले ही जीती न हो, लेकिन हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे हैं। स्मृति मंधाना और युवा प्रतिका रावल ने शीर्ष क्रम में 117 रनों की शानदार साझेदारी करके एक आक्रामक स्कोर की नींव रखी। मंधाना के कवर पर लगाए गए शानदार ड्राइव और रावल के तेज गेंदबाजों के सामने संयम ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। हरलीन देओल ने शानदार अर्धशतक लगाकर स्कोरबोर्ड को गतिमान रखा और दिखाया कि भारत में ऑस्ट्रेलिया को हराने की क्षमता है।

हरमनप्रीत के एनाबेल सदरलैंड की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट होने सहित कई विकेट गिरने से भारत की बढ़त थम गई। ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने उपयोगी प्रदर्शन किया, लेकिन 281 के लक्ष्य के लिए मैदान पर हमेशा ही तेज प्रदर्शन की जरूरत होती है और यहीं पर बात बिगड़ गई। चार कैच छूटने और कुछ बेतरतीब गेंदबाजी ने ऑस्ट्रेलिया को अपनी रणनीति बनाने की आजादी दे दी।

21 साल की फोबे लिचफील्ड जगह की मालकिन लग रही थीं। उन्होंने पिच को सपाट और गेंदबाजी को बेअसर बना दिया, 80 गेंदों पर 88 रन ठोक डाले, तेज और स्पिन दोनों के खिलाफ पूरी ताकत से खेली। बेथ मूनी ने शांतचित्त होकर नाबाद 77 रनों की पारी खेली, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शांत और कुशल बल्लेबाजी करते हुए बिना किसी नाटकीय अंदाज के लक्ष्य हासिल कर लिया। एलिस पेरी का रिटायरमेंट का दर्द भी ऑस्ट्रेलिया को नहीं रोक सका, उनकी टीम में इतनी मजबूती है।

दूसरे मुकाबले में भारत को पहली गेंद से ही आक्रामक रुख अपनाना होगा। हरमनप्रीत को बल्ले से अगुवाई करनी होगी। उनके रन मंधाना, रावल और देओल को मजबूती से आगे बढ़ा सकते हैं। जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा को बीच के ओवरों में ऑस्ट्रेलियाई टीम के दबाव का सामना करना होगा। गेंद पर दीप्ति शर्मा का नियंत्रण, स्नेह राणा का ऑलराउंड प्रदर्शन और क्रांति गौड़ का विकेट लेने का हुनर अहम हैं। अगर उन्हें लिचफील्ड और मूनी पर लगाम लगानी है तो उन्हें संयम बनाए रखना होगा और अपनी लेंथ पर गेंद फेंकनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए रणनीति सरल है। वही करते रहो जो वे सालों से करते आ रहे हैं। एलिसा हीली की आक्रामक शुरुआत, पेरी का क्लास, गार्डनर का ऑलराउंड प्रदर्शन और सदरलैंड का बढ़ता कद उन्हें एक ऐसी टीम बनाता है जिसमें कोई कमी नहीं दिखती। अलाना किंग की चतुराई भरी स्पिन और जॉर्जिया वेयरहैम की विविधता को इसमें जोड़ दें तो वे हर विभाग में दबदबा बना सकते हैं। क्रिकेट के एक बेहतरीन दिन के लिए परिस्थितियां तैयार दिख रही हैं। चमकीला आसमान, 30एष्ट तापमान और पिच हर किसी के लिए कुछ न कुछ देती है। शुरुआत में अच्छी उछाल, तेज गेंदबाजों के लिए कुछ और खेल आगे बढ़ने के साथ थोड़ा टर्न भी। आउटफील्ड तेज है इसलिए अगर बल्लेबाज बहादुरी से खेलते हैं तो रन जरूर बनेंगे।


गौर है कि भारत के लिए सीरीज दांव पर है इसलिए उनसे जोरदार वापसी की उम्मीद हैं। ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य जीत का दरवाजा बंद करके अपनी चमक बरकरार रखना होगा। यह इरादे कौशल और दबाव से भरपूर एक मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। एक असली भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबला और जैसा कि कहा जाता है, जब ये दोनों टीमें मिलती हैं तो चिंगारी उड़ती है।

# शोएब अख्तर ने पाक कप्तान पर कसा संज सूर्यकुमार की प्रशंसा की



लाहौर ।पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाक टीम के कप्तान सलमान अली पर निशाना साधा है ।अख्तर ने सलमान पर तंज कसते हुए उन्हें आइंस्टीन तक कह दिया ।अख्तर ने कहा कि आगा ने भारतीय टीम के खिलाफ मैच में पहले बल्लेबाजी कर सबसे बड़ी गलती की थी ।इस पूर्व तेज गेंदबाज के अनुसार आगा ने पहले बल्लेबाजी चुनी थी जबकि हालातों के अनुसार उनको पहले गेंदबाजी लेनी थी ।शोएब ने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के रवैये की जमकर प्रशंसा की ।इस मैच में भारतीय टीम ने एकतरफा जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान की टीम ने 127 रन 9 विकेट बनाये। वहीं भारतीय टीम ने 16वें ओवर में ही 128 रनों के लक्ष्य को 3 विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस मैच में पाक बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के आगे बेबस नजर आये ।कुलदीप यादव ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट लिए ।अख्तर के अनुसार दुबई की पिच स्पिनरों की सहायता कर रही है और लक्ष्य का पीछा करना आसान था पर आगा ने इसके बाद भी पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अख्तर ने एक वीडियो में कहा, 'उनको शुभकामनाएं ।सूर्यकुमार ने पूरी पिच रिपोर्ट पहले ही बना ली थी ।उसने कहा, बाद में ओस गिरेगी ।ऐसे में बल्लेबाजी आसान होती है ।हमारी बल्लेबाजी लंबी है । हम लक्ष्य का पीछा ही करना चाहते थे ।हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे पर हमारे आइंस्टीन ने कहा कि हमें पहले बल्लेबाजी करनी है ।' इस मैच की दूसरी गेंद पर ही पाक का पहला विकेट गिर गया था ।इसके बाद पाक टीम संभल नहीं पाई, जबकि पूरे मैच को भारतीय टीम हावी रही।

# डुप्लांटिस ने 14वीं बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, लगातार तीसरा विश्व खिताब जीता



**टोक्यो (एजेंसी)।** वह कूद पड़ा, वह चिल्लाया, उमस भरी सोमवार की रात टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में 50,000 से ज्यादा दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उसने अपनी बाहें फैला दीं। आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की। और एक बार फिर, उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह 'सिर्फ' 6.17 मीटर था।

विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी आसानी से पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी। डुप्लांटिस ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं, मैं इसे बयां नहीं कर सकता। मुझे लगा कि जापान छोड़ने का एकमात्र तरीका विश्व रिकॉर्ड बनाना ही है।'

हर असफल प्रयास ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया। पहली कोशिश में, उन्होंने लगभग बार पार कर लिया; दूसरी कोशिश में, बार डगमगाया, लेकिन गिरने से पहले आखिरी क्षण तक टिका रहा। आखिरकार, अपने तीसरे प्रयास में, डुप्लांटिस 6.30 मीटर से ऊपर पहुंच गए - जो कि सिर्फ 27 दिन पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से एक सेंटीमीटर ज्यादा था। उन्होंने बताया, 'यही मेरी मानसिकता थी। मुझे पता था कि मेरे पास रिकॉर्ड है। जैसे ही मैं उड़ान भरता हूं - जमीन से हवा में कदम रखते ही - मुझे पता चल जाता है कि मेरी छलांग सही रहेगी या नहीं। मुझे पता चल जाता है कि मैंने पर्याप्त ऊर्जा लगाई है या नहीं, या यह वास्तव में कारगर नहीं होगा।'

सिर्फ 25 साल की उम्र में डुप्लांटिस ने सब कुछ जीत लिया है। चार साल पहले टोक्यो के इसी स्टेडियम में, लेकिन महामारी के कारण खाली सीटों के सामने, उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। तब से उन्होंने यूजीन और बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीते हैं, पेरिस में दूसरा ओलंपिक खिताब जीता है और अब एक और विश्व चैंपियनशिप जीत ली है, हर बार रिकॉर्ड को और ऊंचा करते हुए। टोक्यो में इस रात ने इस खेल के महानतम खिलाड़ी के रूप में उनकी विरासत को और मजबूत किया, जहां माहौल उनके प्रदर्शन से मेल खाता था। मुझे उस समय विश्व चैंपियनशिप जीतने पर गर्व है जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। विश्व रिकॉर्ड बनाना एक बोनस है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे लिए कोई सीमा नहीं है। शायद मुझे ही पता चलेगा कि पोल वॉल्ट में असल में सीमा क्या है। आज का मुकाबला लगभग एक स्वप्निल प्रतियोगिता थी।' डुप्लांटिस और बाकी प्रतियोगियों के बीच का अंतर बहुत बड़ा था। ग्रीस के इमैनुएल करालिस ने 6.00 मीटर पर रजत पदक जीता, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कुर्टिस मार्शल ने 5.95 मीटर पर काउंटबैक में कांस्य पदक जीता। 2012 के ओलंपिक चैंपियन और पूर्व विश्व रिकॉर्ड धारक, फ्रांस के रेनॉड लाविल्लेनी 5.75 मीटर के साथ आठवें स्थान पर रहे। मार्शल, जो दो साल पहले बुडापेस्ट में भी कांस्य पदक जीत चुके हैं, के लिए इस पल का हिस्सा बनना अपने आप में एक सम्मान की बात थी। उन्होंने कहा, 'यह एक अद्भुत रात थी। मेरा मानना है कि यह इतिहास की सबसे उच्च स्तरीय प्रतियोगिता थी।'

# ईडी ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के मामले में पूर्व क्रिकेटर उथप्पा को पूछताछ के लिए बुलाया



नई दिल्ली ।पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं ।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मामले में उथप्पा को 22 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार उथप्पा को एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। इससे पहले इसी मामले में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ हुई थी। इस प्रकार उथप्पा इस मामले में फंसे तीसरे क्रिकेटर हैं। इसके अलावा इस मामले में पूर्व टीएमसी सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया गया है। वहीं बंगाली फिल्मों के अभिनेता अंकुश हाजरा इस मामले में अपने निर्धारित समन पर मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश हुए ।इस मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी बुलाया गया है। ईडी अवैध सट्टेबाजी ऐप्स से संबंधित मामले में कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी के साथ ही कर चोरी के मामले में भी पूछताछ कर रही है। वहीं आरोपी कंपनी के अनुसार, वह एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त फर्म है, जो सट्टेबाजी कारोबार में डेढ़ दशक से काम कर रही है। कंपनी के अनुसार, इस ब्रांड के ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं और कंपनी की वेबसाइट और ऐप 70 भाषाओं में उपलब्ध है। वहीं पिछले माह भारत में ऑनलाइन सट्टेबाजी गेम्स को प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी कारण ड्रीम 11 को भी भारतीय टीम के प्रायोजक से हटा दिया गया था।

## विदाई से पहले कई राज्यों में झमाझम बारिश करेगा मानसून, अलर्ट जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मानसून अब चला-चली की बेला में है। इससे पहले कई राज्यों में भारी बारिश होगी। इसके लिए मानसून विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 3-4 दिनों तक पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा सारण, सिवान, बेगूसराय, किशनगंज, पटना और गया जैसे जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। दिल्ली का मौसम आज सुहावना बने रहने की उम्मीद है। वहीं पूर्वोत्तर के राज्यों असम, सिक्किम और मेघालय में भी बारिश हो सकती है। राजस्थान से मानसून ने 15 सितंबर को ही वापसी शुरू कर दी थी। मौसम विभाग के अनुसार इस साल देशभर में सामान्य से 7प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। यूपी में भी मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने राज्य के 22 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इनमें मुरादाबाद, गोरखपुर, अयोध्या, बलिया और अंबेडकर नगर जैसे जिले शामिल हैं। लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है लेकिन अगले कुछ दिनों तक सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मध्य प्रदेश के खरगोन, बड़वानी, अनूपपुर, डिंडोरी और मंडला जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में भारी बारिश की संभावना है। साथ ही 24 से अधिक जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अनुमान है। देहरादून, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल जैसे जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। देहरादून में हाल ही में बादल फटने की घटना सामने आई थी जिसके बाद प्रशासन अलर्ट पर है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी, बुजुर्ग दंपति की मौत

आगरा (एजेंसी)। यूपी के आगरा में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। घर में चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे में बुजुर्ग दंपत्ति की झुलसकर मौत हो गई। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस के मुताबिक तड़के करीब पांच बजे मकान की पहली मंजिल पर अचानक आग लग गई। जिसमें 92 वर्षीय भगवती प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी 85 वर्षीय उर्मिला देवी को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दंपत्ति मकान की पहली मंजिल पर रहते थे, जबकि परिवार के बाकी लोग ऊपर की मंजिल पर सो रहे थे। रात को स्कूटी को घर की पहली मंजिल पर ही चार्जिंग पर लगाया गया था। सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग तेजी से फैल गई। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों की जिंदगी नहीं बचाई जा सकी। इस दर्दनाक हादसे से परिवार और मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है।

# मादक पदार्थों की तस्करी करते पकड़े 16000 विदेशी, भारत से होंगे बाहर

### देश में जारी है सक्रिय ड्रग नेटवर्क को तोड़ने और ड्रग-फ्री इंडिया अभियान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी करते पकड़े गए 16,000 विदेशी नागरिकों को भारत से निर्वासित करने की तैयारी कर ली है। ये सभी विदेशी नागरिक अलग-अलग राज्यों में हिरासत में हैं या डिटेंशन केंद्रों में बंद हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की रिपोर्टों पर आधार पर की गई है, जिसका उद्देश्य देश में सक्रिय ड्रग नेटवर्क को तोड़ना और ड्रग-फ्री इंडिया अभियान को मजबूत करना है।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि म्यांमार, बांग्लादेश, फिलीपींस, मलेशिया, घाना और नाइजीरिया जैसे देशों के नागरिक इस सूची में शामिल हैं। इन लोगों पर मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन और संबंधित अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर आरोप हैं। यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की उस रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है, जिसमें इन विदेशी नागरिकों की संलिप्तता उजागर की गई थी।

रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि संगठित नेटवर्क के जरिए भारत को ड्रग्स का एक बड़ा ट्रांजिट हब बनाने की कोशिश की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि विदेशी नागरिकों की पूरी सूची गृह मंत्रालय और संबंधित एजेंसियों को सौंप दी है। अब नए आव्रजन कानून के तहत चरणबद्ध तरीके से इन सभी को उनके देशों में भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अधिकारियों का मानना है कि यह कदम भारत में नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

गृह मंत्रालय ने कहा है कि भारत में अवैध तरीके से प्रवेश कर अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय एजेंसियों के मुताबिक हाल के वर्षों में विदेशी नागरिकों की संलिप्तता मादक पदार्थों की तस्करी में तेजी से बढ़ी है। खासतौर पर महानगरों और तटीय राज्यों में इनकी सक्रियता के सबूत मिले हैं।



यही वजह है कि सरकार अब इन्हें देश से बाहर करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।

केंद्र सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन में गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिए थे कि ड्रग तस्करी को राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा मानकर कार्रवाई करें। इस फैसले के तहत इन विदेशी नागरिकों को हिरासत में रखा जाएगा, जहां से उनकी डिपोर्टेशन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## चिराग ने अफवाहों पर लगाया विराम, आगामी चुनाव में एनडीए का सीएम चेहरा नीतिश

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सरगर्मी तेज है। इस बीच एनडीए के सीएम चेहरे पर केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हर दल के कार्यकर्ता अपने नेता को सर्वोच्च पद पर देखना चाहता हैं। मगर किसी एक दल के कहने से कुछ नहीं होता है। गठबंधन के अंदर मुख्यमंत्री के चेहरे पर सभी पार्टियों की सहमति जरूरी होती है। आगामी चुनाव में यह सहमति नीतीश कुमार के नाम पर बन गई है। उनके नेतृत्व में ही एनडीए चुनाव मैदान में उतरेगा। चिराग पासवान ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं। दरअसल, लोजपा (रामविलास) के नेता और कार्यकर्ता पासवान को मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। पटना में हाल ही में इस संबंध में पोस्टर भी लगाए गए। इससे सियासी पारा गर्मा गया। इस पर चिराग ने दो टूक कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही सीएम उम्मीदवार हैं। इसमें कहीं कोई वैकेंसी नहीं है। पासवान ने कहा कि जब उन्होंने एनडीए में वापसी की थी, तब ही उन्हें पता था कि नीतीश ही मुख्यमंत्री उम्मीदवार रहने वाले है। उनकी फिलहाल मुख्यमंत्री बनने की कोई इच्छा नहीं है। वह बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट पर काम कर रहे हैं। उनकी प्राथमिकता बिहार को विकसित राज्य बनाने की है। बाद के चुनावों में सीएम पद की दावेदारी पर चिराग ने कहा कि उन्होंने अपने और अपनी पार्टी के लिए कई लक्ष्य तय कर रखे हैं।



## 26 लोगों की जान की कीमत ज्यादा है या मैच से हुई कमाई की?



### -औवेसी का बीसीसीआई और केंद्र पर हमला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के बाद एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिसने हमारी बेटियों को विधवा बनाया और बच्चों को अनाथ कर दिया, उसके साथ क्रिकेट खेलना आतंकियों पर जीत का कोई पैमाना नहीं है। सांसद ओवैसी ने कहा, खेल हो या फिर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई, भारत को हर जगह जीतना चाहिए। लेकिन उन लोगों से क्रिकेट मैच खेलकर जीत का पैमाना नहीं सेट किया जा सकता। मैच से पहले भी ओवैसी ने बीजेपी की तीखी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था, पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान की कीमत ज्यादा है या मैच से हुई कमाई की?

ओवैसी ने कहा था, 'बीसीसीआई को एक क्रिकेट मैच से कितना पैसा मिलेगा, 2,000 करोड़, 3,000 करोड़ रुपये? हमें बताएं कि हमारे 26 नागरिकों की जान की कीमत ज्यादा है या पैसे की? भाजपा को हमें (पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने के फैसले पर) इस बारे में बताना चाहिए। ओवैसी ने कहा था कि भाजपा हमेशा 'देश भक्ति' की बात करती है, लेकिन जब क्रिकेट मैचों की बात आती है, तब उसका रुख बदल जाता है। जब हम सिंधु जल संधि के तहत पानी रोक सकते हैं, तब फिर हम खेल कैसे सकते हैं। हम भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से पूछना चाहते हैं, उन 26 लोगों की जान की कीमत क्या है? भाजपा और संघ को जान गंवाने वाले लोग नहीं दिख रहे हैं, बस पैसा कमाना है।'

# शांति और सद्भाव के साथ दुर्गा पूजा के लिए कोलकाता पुलिस ने जारी किए निर्देश

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा के त्योहार के मद्देनजर कोलकाता पुलिस ने शहर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने हाल ही में इस संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस आयुक्त की यह घोषणा सोमवार को हुई मासिक बैठक में की गई, जिसमें अधिकारियों ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई उपायों पर चर्चा की।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस आयुक्त ने विशेष रूप से यह निर्देश दिया है कि हर थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और वे सही से काम कर रहे हैं या नहीं। इन सभी रिपोर्ट्स को तुरंत लालबाजार (शहर पुलिस मुख्यालय) भेजने का आदेश भी दिया गया है। इसके अलावा, कोलकाता पुलिस की खुफिया विभाग को भी सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। वॉच सेक्शन से लेकर एंटी-रोडी सेक्शन और महिला बटालियन तक को हमेशा तैयार रहने को कहा गया है। पुलिस आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया है कि शहर के महत्वपूर्ण चौराहों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में रात और सुबह के समय गश्त को बढ़ाया जाए। खासकर इन इलाकों में सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जाएगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस अधिकारी के अनुसार, दुर्गा पूजा के दौरान शहर में विभिन्न जिलों और राज्यों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में त्योहार के दौरान अपराधी तत्व सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए, कोलकाता पुलिस के हर थाने के थाना प्रभारी को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने का निर्देश दिया गया है। हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा के दौरान अपराधों में वृद्धि देखने को मिल रही है। पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, इस समय में छिनैती, लूट और चोरी जैसी घटनाओं में इजाफा हुआ है। इसके अलावा, कई क्षेत्रों में सुबह वॉक करने वालों पर हमले और छिनतई की घटनाएं भी बढ़ी हैं। पुलिस अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान अपराधों को रोकने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, प्रत्येक पुलिस स्टेशन को निर्देशित किया गया है कि वे जनता की शिकायतों को तेजी से



निपटाएं और उन पर कार्रवाई करें।

## यूजीसी छात्रों से रैगिंग, यौन उत्पीड़न से निपटने सुझावों पर करें विचार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को निर्देश दिया है कि वह मसौदा नियम तैयार करते समय उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या को रोकने रैगिंग, यौन उत्पीड़न और जाति, लिंग, दिव्यांगता औन अन्य पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव से निपटने के सुझावों पर विचार करे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सोमवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से दो महीने के भीतर सुझावों पर विचार करने को कहा है। पीठ ने रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं के सुझावों पर भी विचार करने को कहा है, जिन्होंने अपने-अपने परिसरों में जाति आधारित भेदभाव का सामना करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मसौदा नियम प्रकाशित किए गए थे और एक विशेषज्ञ समिति ने मिली 300 से ज्यादा आपत्तियों की पड़ताल भी की थी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ समिति ने आपत्तियों की पड़ताल के बाद यूजीसी से मसौदा नियमों में कुछ संशोधन करने को कहा है। यूजीसी वर्तमान में विशेषज्ञ समिति की उन सिफारिशों की जांच कर रही है। संबंधित माताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि वे चाहती हैं कि यूजीसी उनके सुझावों पर विचार करें, ताकि किसी और की जान न जाए। शीर्ष कोर्ट ने यूजीसी को आठ सप्ताह के अंदर सुझावों पर विचार करने का निर्देश दिया है।

## डीआरआई ने मुंबई हवाई अड्डे पर 39 किलोग्राम गांजा किया जब्त, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 39.2 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की है। डीआरआई ने गांजे की तस्करी में शामिल तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देशभर में 'ऑपरेशन वीड आउट' चलाया जा रहा है। इस समन्वित अभियान में 13 और 14 सितंबर को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर डीआरआई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे दो भारतीय नागरिकों को रोका। उनके चेक-इन सामान की गहन जांच के बाद हाइड्रोपोनिक गांजे के 39 पैकेट बरामद हुए, जिनका वजन 39.2 किलोग्राम था।

# कश्मीर में आआपा विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी गैरकानूनी : संजय सिंह

**लखनऊ (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जम्मू कश्मीर के डोडा विधानसभा क्षेत्र से आआपा विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी को पूरी तरह से गैरकानूनी बताया। उन्होंने कहा कि मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के विरोध में पूरा जम्मू कश्मीर सड़क पर है और आम आदमी पार्टी सदन से लेकर सड़क तक व कोर्ट में इस अन्याय के खिलाफ लड़ेगी। आआपा नेता संजय सिंह राजधानी में स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार की पुलिस व जांच एजेंसियों का मकसद सिर्फ.इतना है कि जहां भी आप की लोकप्रियता बढ़े, वहां उसका गला घोंट दिया जाए। उन्होंने बताया कि मेहराज मलिक अस्पताल और जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे थे, लेकिन भाजपा की पुलिस ने उन पर आतंकवादियों पर लगने वाली धाराएं थोपकर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि मैं जब श्रीनगर में प्रेस वार्ता करने पहुंचा तो मुझे गेस्ट हाउस में हाउस अरेस्ट कर लिया गया। यहां तक कि कई बार के मुख्यमंत्री और सांसद रह चुके फारूक अब्दुल्ला तक को उनसे मिलने नहीं दिया गया।

**यूपी में वोट चोरी का नया खेल**

संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अब उत्तर प्रदेश में भी वोट डकैती पर उतर आई है। महोबा जिले में जहां फर्जी वोटों का मामला सामने आया था, वहीं अब एक ही घर में 4271 वोट दर्ज पाए गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी का केंचुआ और भाजपा मिलकर यूपी में वोट चोरी की डकैती करने आ गए हैं। जनता को सावधान हो जाना चाहिए।

**शिक्षा और बेरोजगारी पर हमला**

संजय सिंह ने कहा कि योगी सरकार की तुगलकी नीति के कारण दो शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता से तंग आकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि 30-30 साल से पढ़ा रहे शिक्षक और उनके बेटे को भी टीईटी एक साथ देना पड़ेगा, यह किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि अगर पेपर लीक कराने ही हैं तो सरकार टीईटी का पेपर रखे और सबको पास कर दे, कम से कम इस बार पेपर लीक का कोई भला काम हो जाएगा।

# दृढ़ता, परिवर्तन और भविष्य के लिए तत्परता जरूरी : अमरेंदु प्रकाश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चिन्मया मिशन, नई दिल्ली में अपनी 53वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की, जहां सेल के सीएमडी श्री अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया और वैश्विक चुनौतियों के बीच कंपनी के मजबूत प्रदर्शन और भविष्य के विकास के लिए इसके रणनीतिक रोडमैप को रेखांकित किया। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए, श्री प्रकाश ने कहा, इस्पात को अक्सर आधुनिक सभ्यता की रीढ़ कहा जाता है - मजबूत, लचीला और टिकाऊ। इस्पात की तरह, हमारी कंपनी भी अग्नि-परीक्षा से गुजरी है, चुनौतियों से आकार लेती रही है और अनुभव से मजबूत हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेल 2047 तक विकसित भारत की ओर भारत की विकास यात्रा में एक साक्षी और एक भागीदार, दोनों के रूप में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने बुनियादी ढाँचा, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा आदि सहित विविध क्षेत्रों के लिए इस्पात आपूर्ति करते हुए राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराया। उन्होंने कहा, सेल का इस्पात भारत की विकास गाथा के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के मार्गदर्शन में, कंपनी ने अपनी यात्रा के अगले चरण की शुरूआत कर दी है, जहाँ आगामी परियोजनाएँ शुरू से ही हरित प्रौद्योगिकियों, कुशल लॉजिस्टिक्स और ग्राहक-केंद्रित समाधानों को एकीकृत करेंगी। यह यात्रा प्रौद्योगिकी, डिजिटलीकरण, सततता और सबसे बढ़कर, लोगों पर आधारित होगी।उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराते हुआ कहा सेल ने विभिन्न क्षेत्रों, जैसे अवसंरचना, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्रों के लिए इस्पात की आपूर्ति करता रहा है। उन्होंने कहा, सेल का इस्पात भारत की विकास गाथा के केंद्र में है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय इस्पात नीति (ठरढ) 2017 के मार्गदर्शन में कंपनी ने अपनी अगली यात्रा का चरण शुरू कर दिया है, जिसमें आगामी परियोजनाएं शुरूआत से ही हरित तकनीकों, कुशल लॉजिस्टिक्स और ग्राहक-केंद्रित समाधानों को एकीकृत करेंगी। यह यात्रा तकनीक, डिजिटलीकरण, सततता और सबसे महत्वपूर्ण झ जनशक्ति - पर आधारित होगी। कंपनी की सततता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, श्री प्रकाश ने साझा किया कि सेल अपने ग्रीन स्टील यात्रा को आगे बढ़ा रहा है-जिसमें हाइड्रोजन आधारित स्टील निर्माण के परीक्षण, कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (उउवर), बायोचार इंजेक्शन तथा नवीकरणीय ऊर्जा पहलों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, ह्नजलवायु परिवर्तन हमारे उद्योग के लिए एक निर्णायक चुनौती है। विश्व एक हरित परिवर्तन के मोड़ पर खड़ा है और सेल इस बदलाव की अगुवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य के लिए तैयार संगठन के निर्माण की दिशा में, उन्होंने बताया कि दो परिवर्तनकारी कार्यक्रम शुरू किए गए हैं - प्रवर्तनम (डिजिटल परिवर्तन) और सेल दर्पण (एचआर परिवर्तन)।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
unicef for every child

"स्वच्छोत्सव" स्वच्छता ही सेवा - 2025
राज्य स्तरीय शुभारंभ
श्री योगेन्द्र प्रसाद
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
दिनांक: 17 सितम्बर - 02 अक्टूबर 2025 | स्थान : साड़म, गोमिया, बोकारो, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का आयोजन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस अभियान का मुख्य थीम (विषय) "स्वच्छोत्सव" रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदलना है जिससे कि लोग सामुहिक रूप से अपने-अपने टोलों / गाँवों में स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की दिशा में अपनी भूमिका को निभायें।

"स्वच्छता ही सेवा - 2025" अभियान के क्रम दिनांक 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2025 तक विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस क्रम में दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को एक साथ राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान "एक दिन, एक घण्टा, एक साथ" कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किया गया है, जिसमें सभी लोगों के सहयोग की अपेक्षा है एवं 02 अक्टूबर, 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अभियान में सभी विभागों यथा पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर विकास एवं आवास, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी।

यह अभियान पाँच प्रमुख केंद्रित गतिविधियों के आधार पर आयोजित किया जाएगा:-

कचरे के ढेर की साफ-सफाई :- ग्राम स्तर पर कचरो के ढेर / स्थानों की पहचान / चिन्हितीकरण करते हुए समयबद्ध तरीकों से उसे विशेष रूप से सफाई करना।

सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई :- ग्राम स्तर पर विभिन्न संस्थानों / प्रतिष्ठानों / जल स्रोतों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों की साफ-सफाई।

सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन :- सफाई / स्वच्छताकर्मी के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु एकल खिड़की द्वारा स्वास्थ्य और कल्याणकारी शिविर का आयोजन करना।

स्वच्छ हरित उत्सव का आयोजन :- पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ट संबंधित गतिविधियाँ।

स्वच्छता हेतु विशेष जन-जागरुकता गतिविधि का आयोजनः- सुजल स्वच्छ गाँव, कचरे से कला, स्वच्छ स्ट्रीट फूड, 3R (Reduce, Reuse and Recycle) के सिद्धान्त पर विशेष जन-जागरुकता संबंधित गतिविधियाँ।

जय झारखण्ड
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार
PR- 362189 (Drinking Water and Sanitation) 25-26

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902